yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 188 ● कटनी ● बुधवार, 9 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

"आपकी सफलता में वो शामिल होते हैं, जिन्हें आप चाहते हैं। लेकिन आपके संघर्ष में वो शामिल होते हैं, जो आपको चाहते हैं...!"



वाह सुष्मिता सेन वाह!... पेज 7

**आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान 24.0 डिग्री

दोपहर 12 बजे तक 29.0 डिग्री

बारिश के आसार

# उत्तराखंड में पहाड़ से गिरे पत्थर, होटल ढहा

**लैंडस्लाइड के चलते जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद, अमरनाथ यात्रा रोकी गई**



नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

उत्तराखंड में बीते 24 घंटे से भारी बारिश के चलते कई जगह लैंडस्लाइड हुई। रामपुर में पहाड़ों से पत्थर गिरने से होटल ढह गया। रुद्रप्रयाग के उत्तरकाशी में सड़क का एक हिस्सा टूट गया। उधर पौड़ी गढ़वाल में मालन पुल के पास नदी में 15 लोग फंस गए थे। जिन्हें स्ठत्र्न्न की टीम ने सुरक्षित निकाल लिया। हल्द्वानी में 3 घंटे मूसलाधार बारिश हुई। काठगोदाम के कलसिया में फंसे डेढ़ सौ लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गौला नदी में उफान आने पर बैराज के सभी गेट खोल दिए गए हैं। वहीं कलसिया नाले से घरों को भारी नुकसान हुआ है, अभी तक दो मकान क्षतिग्रस्त बताएं जा रहे हैं। उधर जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के चलते जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया। जिसके चलते अमरनाथ यात्रा रोकनी पड़ी। लोगों को नेशनल हाईवे - 44 पर न जाने की सलाह दी गई।



### नेपाल में बारिश से मोतिहारी में बाढ़ का खतरा, 9 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

नेपाल और बिहार में 3-4 दिन से हो रही बारिश से बगहा में गंडक नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। सुबह 4 बजे वाल्मीकि नगर गंडक बराज के सभी 36 गेट को खोला गया है। यहां से 2 लाख 92 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इससे पश्चिमी चंपारण के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। डीएम ने जिले में हाई अलर्ट घोषित किया है।

### हरियाणा के 7 शहरों में बिगड़ेगा मौसम, हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

हरियाणा में मौसम विभाग ने 7 शहरों में मौसम बिगड़ने की आशंका जताई है। जगाधरी, नारायणगढ़, पंचकूला में मध्यम बारिश और अंबाला, कालका, बराडा, छछरौली में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही जिलों में 40 किलोमीटर स्पीड से हवाएं चलने का भी अनुमान है। मौसम विभाग ने कल से फिर सूबे के अधिकांश जिलों में मानसून एक्टिव रहने की संभावना है।

**अनुच्छेद 370 मामले में सुप्रीम कोर्ट की दो टूक**

# जम्मू-कश्मीर में ब्रेक्जिट जैसे जनमत संग्रह का सवाल ही नहीं

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है. मंगलवार को कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर ब्रेक्जिट जैसे जनमत संग्रह का कोई सवाल ही नहीं है. कोर्ट इस बात पर आकलन कर रहा है कि इसे निरस्त करना क्या संवैधानिक रूप से कानूनी था. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भारत एक संवैधानिक लोकतंत्र है, जहां इसके निवासियों की इच्छा सिर्फ स्थापित संस्थानों के जरिए ही सुनिश्चित की जा सकती है। ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होने को ब्रेक्जिट नाम दिया गया था. ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से बाहर निकलना राष्ट्रवादी उत्साह में बढ़ोत्तरी, मुश्किल इमिग्रेशन नियमों और संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था के कारण हुआ है. ब्रेक्जिट को लेकर ब्रिटेन में 2016 में जनमत संग्रह हुआ था. जिसमें लोगों का बहुमत ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होने के पक्ष में था. जनमत संग्रह के रुझान के बाद कैमरन सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था. तब कंजरवेटिव पार्टी की थेरेसा मे की अगुवाई में सरकार बनी थी।



### ब्रेक्जिट की तरह राजनीतिक कदम है अनुच्छेद 370 हटाना

मंगलवार को CJI की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ की ब्रेक्जिट को लेकर यह टिप्पणी सीनियर वकील कपिल सिब्बल की एक दलील के बाद आई. सिब्बल ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करना ब्रेक्जिट की तरह ही एक राजनीतिक कदम था, जहां ब्रिटिश नागरिकों की राय जनमत संग्रह से ली गई थी. बता दें कि अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू और कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त था. सिब्बल ने आगे कहा, जब 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया, तब ऐसी किसी से रायशुमारी नहीं की गई. सिब्बल नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता मोहम्मद अकबर लोन की तरफ से पेश हुए. लोन ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती दी है.

### सिब्बल ने संसद की शक्ति पर भी उठाए सवाल

सिब्बल ने कहा, संसद ने जम्मू-कश्मीर पर लागू संविधान के प्रावधान को एकतरफा बदलने के लिए अधिनियम को अपनी मंजूरी दे दी. यह सबसे बड़ा सवाल है कि इस अदालत को यह तय करना होगा कि क्या भारत सरकार ऐसा कर सकती है. सिब्बल ने जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की अनुपस्थिति में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की संसद की शक्ति पर बार-बार सवाल उठाया है. उन्होंने लगातार कहा, सिर्फ संविधान सभा को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने या संशोधित करने की सिफारिश करने की शक्ति निहित थी. चूंकि संविधान समिति का कार्यकाल 1957 में समाप्त हो गया था, इसलिए जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संवैधानिक प्रावधान को स्थाई मान लिया गया।

**» न्यूज गैलरी**

## सोमालिया में हैजा से 30 की मौत, डब्ल्यूएचओ ने तेज की गतिविधियां

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमालिया में हैजा के कारण जनवरी से अब तक 30 लोगों की मौत के बाद लोगों की जान बचाने और हैजा फैलने से रोकने के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। डब्ल्यूएचओ ने मंगलवार को कहा कि सोमालिया में 2022 से 28 जिलों में और 2017 के सूखे के बाद से बनादिर क्षेत्र में हैजा का निर्बाध संचरण हुआ है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, 2023 के महामारी विज्ञान सप्ताह 1 के बाद से सोमालिया के 28 जिलों में हैजा के कारण 30 लोगों की मौत हुयी है और इसके कुल 11,704 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जुलाई के अंत में सोमालिया 28 जिलों में लगभग 235 नए संदिग्ध मामले सामने आए, लेकिन राहत की बात यह है कि इसके कारण किसी की मौत नहीं हुयी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार उपर्युक्त जिलों से रिपोर्ट की गई कुल मृत्यु दर 0.3 प्रतिशत है, जो एक प्रतिशत से अधिक की आपातकालीन सीमा से नीचे है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, डब्ल्यूएचओ और स्वास्थ्य संस्थाओं ने जुबलैंड राज्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए सूखा प्रभावित जिलों में हैजा प्रतिक्रिया हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन को बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने अप्रैल में चेतावनी दी थी कि सोमालिया में भारी बारिश के कारण अचानक और नदी में बाढ़ आने से जलजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है।

## टोंगा में भूकंप के जोरदार झटके

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

टोंगा के हिहिफो में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार मंगलवार को 18=38=56 टोंगा में हिहिफो के 135 किलोमीटर पूर्वोत्तर में महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 थी। भूकंप का केंद्र 120.1 किमी की में 15.00 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 173.00 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

## फैक्ट्री में लगी आग, 2 कांस्टेबल समेत 9 घायल

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

राष्ट्रीय राजधानी के मायापुरी इलाके में बुधवार को एक फैक्ट्री में आग लगने से दिल्ली पुलिस के दो कांस्टेबल सहित नौ लोग घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों कांस्टेबलों की पहचान रणधीर सिंह (46) और विक्रांत के रूप में हुई है। अन्य घायलों में राकेश, राम निवास, संतोष, हरिचंद, विक्रांत, किशन और इंद्रजीत शामिल हैं। दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि मायापुरी फेज-द्वद्व में फैक्ट्री में आग लगने के संबंध में रात लगभग 2.05 बजे एक कॉल प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा, कुल पांच दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया। डीएफएस प्रमुख ने बताया कि आग सोफा स्प्रिंग्स वाले पैकिंग बॉक्स में लगी, और इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर गोंद का एक ड्रम भी फट गया। गर्ग ने कहा, इमारत में ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो और मंजिलें हैं। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 92 वर्ग गज है। घटना में नौ लोग घायल हुए हैं। उन्हें तुरंत डीडीयू अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा, इस घटना में सूचना पाकर वहां पहुंचे दो पुलिसकर्मी और तीन आम लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं।

## सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर में पकड़ा TRF का आतंकी, बंकर पर ग्रेनेड हमले की थी प्लानिंग

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

जम्मू-कश्मीर के बांडीपोर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने द रजिस्टेंस फ्रंट के एक आतंकी को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि आतंकी नाबालिग है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सुरक्षाबलों ने आतंकी के पास एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आतंकी ने सुरक्षाबलों के बंकर पर हमले की योजना बनाई थी। सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के बांडीपोर में मंगलवार को द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के एक स्थानीय आतंकी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आतंकी नाबालिग बताया जा रहा है। लेकिन पुलिस ने उसके नाम और उसकी उम्र की पुष्टि नहीं की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस और सेना के जवानों के एक संयुक्त दस्ते ने मंगलवार की शाम को बांडीपोर के केहनुसा इलाके में नाका लगाया हुआ था। नाके पर तैनात जवानों ने वहां से गुजर रहे लोगों की निगरानी शुरू कर दी।



### सुरक्षाबलों से बचने के लिए किया भागने का प्रयास

उन्होंने बताया कि इसी दौरान नाका पार्टी को एक युवक की गतिविधियां कुछ संदिग्ध लगी। नाका पार्टी ने उसे तलाशी के लिए रुकने को कहा। नाका पार्टी द्वारा रुकने का संकेत किए जाने पर युवक ने वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन नाकाम रहा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नाका पार्टी ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से एक ग्रेनेड मिला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि वह सुरक्षाबलों के बंकर पर ग्रेनेड हमले के प्रयास में था।

## सिक्किम में ड्यूटी के दौरान दो जवान शहीद, वाहन चलाने के दौरान हुआ हादसा

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in







पूर्वी सिक्किम में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान दो शहीद हो गए हैं। वे एक वाहन चला रहे थे। जवानों के नाम हवलदार एस मैती और नाइक पार्वे किशोर है। जवानों की जान किस घटना में गई, इसकी जानकारी अभी समाने नहीं आई है।

## प्रधानमंत्री मोदी बोले- भ्रष्टाचार भारत छोड़ो वंशवाद भारत छोड़ो, तुष्टिकरण भारत छोड़ो



नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अगस्त को ट्वीट कर भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा कि गांधीजी के नेतृत्व में इस आंदोलन ने भारत को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने आगे लिखा- भारत एक स्वर में कह रहा है कि भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो और तुष्टिकरण भारत छोड़ो।

### आंदोलन ने हिला दी थी ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें

भारत की आजादी के लिए 9 अगस्त 1942 का दिन काफी महत्वपूर्ण है। गांधी जी के आह्वान पर देशभर में भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल बज गया था। इस आंदोलन में हर उम्र वर्ग के लोग शामिल हुए। इस आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। भारत छोड़ो आंदोलन को अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिलाकर रख दी थीं।

## लॉस एंजिल्स में 11,000 से अधिक कर्मचारी रहेंगे 24 की हड़ताल पर

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े शहर लॉस एंजिल्स में 11,000 से अधिक शहरी कर्मचारी मंगलवार को 24 घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। दक्षिणी कैलिफोर्निया में सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी यूनियन सर्विस एम्प्लॉइज इंटरनेशनल यूनियन (एसईआईयू) लोकल 721 ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि उसने 'अनुचित श्रम प्रथा' को लेकर एक दिवसीय हड़ताल किया है। यूनियन ने कहा, ÷हम एलए सिटी के बुरे विश्वास वाले सौदेबाजी के प्रयासों और बार-बार श्रम कानून के उल्लंघन को स्वीकार करने से इनकार करते हैं। हम सम्मान की मांग करने और अपनी गरिमा के लिए लड़ने हेतु आज हड़ताल करते हैं।

**NCP चीफ शरद पवार का खुलासा**

## बाबरी गिरने से पहले मैंने नरसिम्हा राव को कहा था, BJP पर मत करें भरोसा

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in



एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को खुलासा किया कि रामजन्मभूमि आंदोलन जब जोर पकड़ रहा था तब उन्होंने तत्कालीन पीएम नरसिम्हा राव को सलाह दी थी कि उन्हें बीजेपी के वादे पर भरोसा नहीं करना चाहिए कि बाबरी मस्जिद को कुछ नहीं होगा. शरद पवार ने कहा कि तब तत्कालीन बीजेपी नेता विजया राजे सिंधिया ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को आश्वासन दिया था कि बाबरी मस्जिद को कुछ नहीं होगा. राव ने अपने मंत्रियों की सलाह के खिलाफ उनकी बात पर विश्वास किया था. शरद पवार नरसिम्हा राव सरकार में रक्षा मंत्री थे। सीनियर पत्रकार नीरजा चौधरी की किताब व्हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइडज के विमोचन पर बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय रक्षा मंत्री रहे पवार ने कहा कि वह तत्कालीन गृह मंत्री शंकरराव चव्हाण और गृह सचिव माधव गोडबोले के साथ उस बैठक में मौजूद थे. पवार ने दावा किया कि उस बैठक में विजया राजे सिंधिया ने तत्कालीन पीएम राव को आश्वासन दिया था कि बाबरी मस्जिद को कुछ नहीं होगा। एनसीपी सुप्रीमो ने कहा कि गृहमंत्री और गृह सचिव को लगा कुछ भी हो सकता है, लेकिन नरसिम्हा राव ने सिंधिया पर विश्वास करना चुना। शरद पवार ने उस घटनाक्रम को इस प्रकार बताया. मंत्रियों का एक समूह था, उस समूह का मैं एक सदस्य था. इस मीटिंग में विजया राजे सिंधिया ने कहा था कि बाबरी मस्जिद को कुछ नहीं होगा, विजया राजे ने कहा था कि वे लोग सभी जरूरी कदम उठाएंगे और पीएम को सख्त कदम नहीं उठाने चाहिए।

## उत्तराखंडः कैंचीधाम में अब ड्रेस कोड, मंदिर के अंदर फोटो खींचने की भी मनाही

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

नैनीताल स्थित कैंचीधाम में अब ड्रेस कोड लागू होगा और मंदिर के अंदर फोटो खींचने की भी मनाही होगी। अमर्यादित कपड़ों में आनेवाले लोगों को मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में मंदिर समिति की ओर से कैंचीधाम के बाहर और आसपास बोर्ड लगाए गए हैं। इसमें साफ तौर पर लिखा है कि अमर्यादित वस्त्रों में आनेवालों को मंदिर में प्रवेश की इजाजत नहीं दी जाएगी। मंदिर के अंदर मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाने की भी मनाही है। मंदिर में प्रवेश करने से पहले श्रद्धालुओं को अपने मोबाइल को साइलेंट मोड पर रखना होगा। फोटोग्राफी करते हुए पकड़े जानेपर कार्रवाई की जाएगी। मंदिर की ओर से श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे मर्यादित वस्त्र पहनकर ही मंदिर में दर्शन के लिए आएं।

## ऑटो चालक ने कर दिया कमाल, एक समय पर दो सवारी बुक की

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक यूजर्स ने दो अलग-अलग फोन पर दो अलग-अलग राइड-हेलिंग ऐप्स के स्क्रीनशॉट पोस्ट किए, जिसमें बेंगलुरु के एक ऑटो चालक ने एक ही समय में अलग-अलग स्थानों के लिए दो अलग-अलग सवारी स्वीकार की। यूजर्स ने अपने ट्वीट को कैप्शन दिया, 2 अलग-अलग स्थान, 2 अलग-अलग ऐप, 2 अलग-अलग फोन, एक ही ऑटो, एक ही ड्राइवर। स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि नाम और गाड़ी नंबर दोनों ऐप में समान थे। एक सवारी दो मिनट की दूरी पर थी, जबकि दूसरी चार मिनट की दूरी पर थी, जैसा कि स्क्रीनशॉट में दिखाया गया है। राइड एक्सेप्ट करने वाले ऑटो चालक का नाम दशरथ था। यूजर ने आगे की पोस्ट में लिखा, दशरथ को वेतन वृद्धि की जरूरत है। पिछले हफ्ते, बेंगलुरु के एक निवासी ने ट्विटर (अब एक्स) पर राइड-हेलिंग ऐप रैपिडो का एक स्क्रीनशॉट पोस्ट किया था, जिसमें केवल 45 मिनट की ऑटो-रिक्शा की सवारी के लिए 225 मिनट का इंतजार दिखाया गया था। उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया, ÷रैपिडो प्रतीक्षा समय हाथ से बाहर जा रहा है। 45 मिनट की यात्रा के लिए 3.7 घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना होगा।



**सम्मेलन** | **हमारा प्रदेश टाइगर स्टेट है, इसे टाइगर स्टेट बनाए रखने के लिए वन विभाग का अभिनन्दन**

# देश के 13 प्रतिशत वन मध्यप्रदेश में : मुख्यमंत्री चौहान

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन, खनिज और जल सम्पदा का अपार भंडार है। देश के 13 प्रतिशत वन मध्यप्रदेश में हैं। प्रदेश में अति-सघन वन लगातार बढ़ रहे हैं। हमारा प्रदेश टाइगर स्टेट है, इसे टाइगर स्टेट बनाए रखने के लिए वन विभाग का हृदय से अभिनन्दन करता हूँ। हम लेपर्ड और घड़ियाल स्टेट भी हैं। मुख्यमंत्री चौहान आज 180 करोड़ रुपए से नवनिर्मित तुलसी नगर स्थित वन भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वन कर्मियों और वन समितियों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया। समारोह में वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम माधो सिंह, अपर मुख्य सचिव वन जे.एन. कंसोटिया, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रमेश कुमार गुप्ता सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा वनकर्मी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि वनवासियों की अर्थ-व्यवस्था का आधार वन ही हैं। अब प्रदेश में 785 टाइगर हो गए हैं, जो पहले से अधिक हैं। बारह सिंघा, सफेद बाघ भी हमारे यहाँ है। प्रदेश में वानिकी के क्षेत्र में नए रिकार्ड स्थापित किए गए हैं। बाँस कलस्टर विकसित किये जा रहे हैं। पेसा नियम लागू करने में वन विभाग का सहयोग सराहनीय है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को चप्पल, जूता, कुप्पी, साड़ी और छाता दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमने जनता के लिए वनों को वरदान बनाया है। नवनिर्मित वन भवन पूर्ण हरित भवन है, जिसमें हवा, पानी और प्रकाश के संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है। यह भवन नई ऊर्जा का संचार करेगा। विभाग को कार्य करने के लिए स्थान की कोई कमी नहीं रहेगी। वनों की सुरक्षा करने वालों की जिंदगी बेहतर करने की पूरी कोशिश होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि वन्य-प्राणियों का संरक्षण बहुत पुण्य का कार्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में अधिक से अधिक वन स्थापित हों जिससे प्रदेश में आक्सीजन का उत्सर्जन बड़े स्तर पर हो, प्रदेश दुनिया में ऑक्सीजन हब बन जाए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि वन और वनवासियों का गहरा संबंध है। वनों के माध्यम से उनकी जिंदगी में खुशहाली पैदा करने की कोशिश होगी। वनों के बिना इंसान की जिंदगी नहीं चल सकती है। यह धरती सभी जीव-जंतुओं की है। इसे बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। मध्यप्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण में बेहतर कार्य हुआ है। वन मंत्री शाह ने कहाकि मुख्यमंत्री चौहान के सान्निध्य में वन विभाग में वनों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य अच्छे ढंग से चल रहा है। मुख्यमंत्री चौहान प्रतिदिन एक पौधा जरूर लगाते हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। वन विभाग सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए प्रयास कर रहा है। वन समितियों को पिकअप वाहन सौंपे गए हैं। वन्य-प्राणियों के कारण मृत्यु पर आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वन विभाग की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में कमी नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश में वनों के क्षेत्र में बेहतर काम करने की कोशिश लगातार बनी रहेगी।



## ड्राईफ्रूट धोखाधड़ीः नौकर के नाम से सोना कराया जमा, 30 लाख का कुर्क

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्राईफ्रूट धोखाधड़ी मामले के मास्टरमाइंड मोहित गोयल का 30 लाख का सोना कुर्क किया है। सोना को नौकर के नाम से मुथूट फाइनेंस में जमा करके रखा गया था। 12 जनवरी 2021 को सेक्टर-58 थाना पुलिस ने सेक्टर-50 स्थित मेघदूत सोसाइटी के मोहित गोयल और राजस्थान निवासी ओम प्रकाश जांगिड़ को गिरफ्तार किया था। दोनों ने सेक्टर-62 कोरेंथम टावर में दुबई ड्राईफ्रूट एंड स्पाइस हब नाम से फर्जी ट्रेडिंग कंपनी बनाई थी। ये लोग देशभर की विभिन्न फर्मों से मेवे, तेल और मसाले खरीदते थे। फर्म संचालकों का भरोसा जीतने के लिए आरोपी 40 फीसदी कैश एडवांस में देते थे। फिर उनसे लाखों रुपए के मेवे सहित अन्य सामान लेकर बकाया नहीं देते थे। आरोपियों ने देशभर के सैकड़ों लोगों से दो अरब से ज्यादा रुपए की ठगी की थी। गिरोह का मास्टर माइंड मोहित गोयल जेल में बंद है। पुलिस ने गैंगलीडर मोहित कुमार गोयल की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति 466.100 ग्राम गोल्ड कुर्क किया है। इसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। इससे पहले मोहित गोयल की करीब 7 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई थी। जिसमें एक इनोवा कार, एक ऑडी कार, गुरुग्राम के पनोरमा शूट्स में करीब 6.60 करोड़ रुपए का फ्लैट शामिल है।

» न्यूज गैलरी



## सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने किया दिल्ली में प्रदर्शन

**कटनी, यशभारत।** दिल्ली में बुधवार को संसद के बाहर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने अन्य सांसद गणों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 3 मूलमंत्र वंशवाद भारत छोड़ो, तुष्टिकरण भारत छोड़ो एवं भ्रष्टाचार भारत छोड़ो को लेकर प्रदर्शन किया।

## सात दिवसीय नि : शुल्क योग शिविर का समापन

कटनी, यशभारत। राजस्थानी मारवाड़ी समाज कटनी द्वारा आयोजित सात दिवसीय नि: शुल्क योग शिविर का समापन कार्यक्रम सामाजिक बंधुओं एवं प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्तिथि में संपन्न हुआ। नियमित योग प्रशिक्षण के उपरांत समापन कार्यक्रम में अध्यक्ष पवन बजाज, उपाध्यक्ष द्वयअजय खंडेलवाल, वेंकट सोमानी, कोषाध्यक्ष अरूण गोएनका ने योगाचार्य मुकेश जी का अभिनंदन पुष्पहार, शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं गुरुदक्षिणा देकर किया। इसी कड़ी में योग प्रशिक्षिका श्रीमती अर्चना सोनी का अभिनंदन श्रीमती रेखा गोएनका एवं श्रीमती हंसा खंडेलवाल ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। योग शिविर के प्रतिभागियों ने शिविर में भाग लेने के उपरांत उनपर हुए सकारात्मक प्रभावों को लेकर अपने विचार साझा करते हुए इस तरह के स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम हेतु प्रबंध समिति का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राजस्थानी मारवाड़ी समाज कटनी की प्रबंध समिति से डॉ रामगोपाल बजाज, प्रियदर्शन गौड़, गोपाल सिंघानिया, सुशील कुमार शर्मा, रामगोपाल स्वामी, रमेश खंडेलवाल, राजकुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, शैलेंद्र गौड़, सीमित गोएंका, जितेन्द्र सिंघानिया, मनीष सेकसरिया सहित समाज के गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिभागियों में जगदीश प्रसाद शर्मा, पंकज शर्मा, संपत गट्टानी, विनोद बजाज, हरीश बजाज, विजय गाड़ोदिया, मंगतूराम बजाज, तुलसीदास बजाज, राधेश्याम भगेरिया, अशोक अग्रवाल, श्री कांत बजाज, अरूण बजाज, विश्वदर्शन गौर, संजय शर्मा, विक्रांत शर्मा शरद बजाज, अशोक भगेरिया, कीर्तुका जी, बजाज जी सहित शिविर की महिला प्रतिभागियों एवं महिला मंडल की अनेक सदस्य उपस्थित थी। राजस्थानी मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष श्री पवन बजाज ने आभार प्रदर्शन करते हुए भविष्य में इसी तरह का सहयोग बनाए रखने का आग्रह उपस्थित सामाजिक बंधुओं से करतें हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अब योजनाओं को लाभ जनता तक पहुंचता है: संजय पाठक

## विजयराघवगढ़ विकास पर्व में 5 करोड़ से विद्युत उपकेन्द्र, सड़कों का हुआ भूमिपूजन करते बोले विधायक





**कटनी, यशभारत।** भाजपा सरकार जिस योजना का वादा करती है उसे जनता तक पहुंचाने काम भी करती है लाडली बहाना जैसी योजना इसका उदाहरण यह बात विधायक संजय पाठक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का भूमिपूजन करते कही। विजयराघवगढ़ विधानसभा में विकास पर्व के अंतर्गत विधायक संजय पाठक ने 5 करोड़ से अधिक लागत वाले 5 मेगावॉट के विद्युत उपकेंद्र, सड़कों सामुदायिक भवन जैसे विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में विधायक संजय पाठक ने कहा कि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों के भूमिपूजन लोकार्पण के हो रहें है ये विकास के कार्य सीधे आम जनता को सहुलते पहुंचाने के लिए हैं। आज आपके क्षेत्र में विद्युत का उपकेंद्र का भूमिपूजन हुआ है विद्युत उपकेंद्र कुछ महीनों में तैयार हो जाएगा और इसका लाभ सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा। साथ ही 24 घंटे निर्बाध ग्रामीण विद्युत आपूर्ति होगी, किसानों को सिंचाई के लिए पंप चलाने के अच्छा वोल्टेज मिलेगा जिससे जन जन लाभान्वित होंगे।

श्री पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को एक सशक्त, विकसित और शक्तिशाली बनाना चाहती है जिस कार्य का वादा करती है उसे पूरा भी करती है लाडली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना इसके उदाहरण हैंमुख्यमंत्री जी ने तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए सीखो कमाओं योजना लाई है जिससे उन्हें काम सीखने का अवसर मिलेगा साथ ही दो साल तक आठ हजार रूपए मिलेंगे। इसलिए पिछले पांच दिनों पहले मुख्यमंत्री से आग्रह करके कैमोर में आईटीआई पास करवाई है अब विधानसभा में तीनङ्कतीन आईटीआई होंगी। हमारे नौजवान किसी भी फील्ड में आगे आए खेल में भी आगे बढ़े इसलिए विधानसभा में बड़े बड़े स्टेडियम बनावा रहें है। आज विधानसभा में सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, पेयजल आपूर्ति सब काम विधानसभा में हो रहें है। कार्यक्रमों में जिला महामंत्री सतीश तिवारी, राजेश गर्ग, जनपद अध्यक्ष सुधा जायसवाल, सुधा कोल, रघुराज सिंह गौड़, लालजी मिश्रा, केशव यादव, प्रमोद सोनी, राजेश द्विवेदी ओमप्रकाश तिवारी, हरिहर पटेल, पुष्पेन्द्र दास विश्वकर्मा, संतोष तिवारी, सुशील तिवारी, लवकुश बब्बा, राजेश नारायण त्रिपाठी, पंकज सिंह, दशरथ कोल, जुग्गी विश्वकर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थिति रहे।



## अल्प प्रवास पर पहुंचे उर्जामंत्री प्रद्युम्न सिहं तोमर का किया गया आत्मीय स्वागत

**कटनी, यशभारत।** आज प्रातः अनूपपुर जाते हुए कटनी पहुंचे उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिहं तोमर का ओव्हर ब्रिज के समीन सीएल प्लाजा में स्थानीय जनों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। श्री तोमर कटनी सड़क मार्ग से अनूपपुर जा रहे थे। सर्किट हाउस में अधिकारियों कुछ देर चर्चा के उपरांत से खिरहनी ओव्हर ब्रिज समीप मंत्री जी कटनी में बैग बाजार सीएल प्लाजा पहुंचे यहां भाजपा जिला अध्यक्ष ने उनकी आगवानी की। श्री तोमर ने अजय निषाद आनंद निषाद के तथा क्षेत्रीय जनों से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी, स्वप्निल पुरवार, श्याम निषाद, विक्रम निषाद, विनय निषाद, रितेश बाथव, राकेश निषाद, जितेन्द्र दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिको ने ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कटनी जिले में बिजली व्यवस्था को लेकर श्री तोमर को अवगत कराया। जिस पर उन्होंने बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया।

### चार बहनों का प्रभु समर्पण सम्मान समारोह

# अपना जीवन परमात्मा पर अर्पण करने से बड़ा कुछ नहीं हो सकता



**कटनी, यशभारत।** दुनिया में कन्याओं को लोग जबरदस्ती अपना पीछा छुड़ाने के लिए शादी करा देते हैं चाहे वह दुखी ही रहे लेकिन इन कन्याओं ने अपने जीवन का मूल्य समझा तथा सभी को एक राह दिखाने के लिए इस पथ पर आगे बढ़ी। अपना जीवन परमात्मा पर अर्पण करने से बड़ा भाग कुछ नहीं हो सकता। उक्त आशय के विचार एसकेपी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन उपशाखा केंद्र रोशन नगर प्रभारी बीके सुमन बहन के नेतृत्व में आयोजित चार बहनों के प्रभु समर्पण सम्मान समारोह में वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम दुल्हन की तरह सफेद साड़ी में पीली चुनरी ओढ़ कर बीके दीपा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके किरण बहन, बीके देवयंती बहन सुसज्जित वाहन में बैठकर रोशन नगर से एसकेपी स्थित शिव मंदिर तक रैली निकालकर हुआ। तत्पश्चातअतिथि पार्षद मनोज गुप्ता, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राम रतन पायल, शिव कंट्रक्शन कंपनी के मालिक सूरज शाह, रवि शाह, बिलासपुर सेवा केंद्र की राखी बहन, कांता बहन सतना सेवा केंद्र की रानी ने दीप प्रज्वलित किया। आश्रम की बहनों द्वारा अतिथियों का तिलक पुष्प से स्वागत किया गया।

बीके भारती बहन और राखी बहन ने सेंटर का परिचय देते हुए मेडिटेशन की शक्ति से लोगों को अवगत कराया बीके रानी बहन ने समर्पित बहनों को विश्व कल्याण और ईश्वर के प्रति सात वचनों का संकल्प दिलाया। बीके शिवानी बहन और बीके दीपा बहन ने .ईश्वर के बारे में अपने अनुभव और विचार सांझा करते हुए अपना जीवन ब्रह्मचर्य और साधना के पथ पर चलने की बात कही। वहीं इन कन्याओं के माता-पिता ने कहां की आज मेरा जीवन धन्य हो गया मेरे कितने जन्मों के पुण्य कर्म होंगे जो इस जन्म में शक्ति स्वरूपा बेटी मिली। समारोह में संतोषी बहन, मुस्कान, अपूर्वा, सविता बहन, सुरेश भाई, शानू, काव्या, संध्या, संजना, राजदीप ने नृत्य और नृत्य नाटिका से लोगों का मन मोह लिया। संचालन प्रकाश भाई ने किया कार्यक्रम के अंत में सभी ने ईश्वरीय भोग प्राप्त किया। इस अवसर पर विनोद, अरविंद, अंजू विश्वकर्मा, गीता माता, हरिहर, सत्यम, शिवम, अंशु सोनी, रामलता सोनी, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, तूफान सिंह, चंद्रपाल भाई, राजेंद्र सिंह राठौर, आरती शर्मा, सावित्री, अनिल, ममता, सुरेखा, सुनीता, शीला, चंद्रप्रभाअजय, बबलू, यशपाल सिंह, मीराबाई, राजू जायसवाल, बरखा बहन, चमन बहन, बेबी बहन, अनिता बहन, ज्योति बहन, नेहा बहन, सीमा बहन सहित अन्य भाई बहनों की उपस्थिति रही

## बच्चों को दें स्कूल की जानकारी ताकि उनकी बढ़े उपस्थिति



**कटनी, यशभारत।** ईसीसीई सुदृढ़ीकरण हेतु स्कूल शिक्षा विभाग के साथआंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शहरी केंद्र क्रमांक 16 से 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को और अधिक रुचिकर बनाना है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रुप में शिक्षक बिजेन्द्र, पर्यवेक्षक रेशमा परवीन, शिवांगी गुप्ता, राजकुमार दुबे के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे। जिसमें बताया गया कि शाला परिसर में लगने वाली आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं को इसमें शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूल जाने के पूर्व तैयारी हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चो को स्वतंत्र खेल एवं अनौपचारिक शिक्षा देना है। जिससे बच्चों में स्कूल जाने की चाहत हो और बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके।

## त्रुटिपूर्ण नाली बनाने से दुर्गा चौक नाले का पानी दुबे कॉलोनी के घरों में घुसने लगा

*नगर निगम अमले ने विपरीत परिस्थिति में किया सुधार, मिली नागरिकों को राहत*



**कटनी, यशभारत।** ठेकेदार द्वारा त्रुटिपूर्ण नाली बनाने से दुर्गा चौक से आने वाला नाले का पूरा पानी दुबे कॉलोनी गली नंबर 2 के घरों में घुसने लगा। यह आरोप दुबे कालानी के वासिंदों ने लगाया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही से छोटी सी समस्या ने वीभत्स रूप ले लिया था। गत दिनों समस्या का कुछ समाधान नहीं दिख रहा था। वर्षा भी अनवरत जारी थी व समस्या विकराल रूप लेती जा रही थी। अनिश्चितता के मध्य नगर निगम के सफाई विभाग के सोनी जी को समस्या से अवगत कराया। समस्या का संज्ञान लेते हुए उन्होंने त्वरित कार्यवाही का भरोसा भी दिलाया। बरसतें पानी में विपरीत परिस्थितियों में यह विकराल समस्या सरकार और नगर निगम की भी परीक्षा की घड़ी थी। खबर के बादें विनय सोंधिया और उनकी टीम ने आकर स्थिति का जायजा लिया और रहवासियों को आश्वासन दिया कि दोपहर तक इसका समाधान हो जाएगा आश्वासन के बाद लोग समाधान का इंतजार कर रहे थे अमूमन बारिश के दौरान सरकारी विभाग इस तरह के आश्वासन देते हैं पर यहां श्री सोंधिया अपने लोगों के साथ पहुंचे और विपरीत परिस्थितियों में कार्य करना चालू किया। घंटों मशक्कत करने के बाद उन्हें जहां भी नाले में अवरोध मिले उन्हें हटाकर नाली का प्रवाह सुचारू किया गया और कॉलोनी वासियों को एक भयंकर समस्या से निजात दिलाई गई। इस सराहनीय, त्वरित व सफल उपलब्धि के लिए समस्त रहवासी कटनी शहर की नगर निगम की लोगों ने प्रशंसा की है।



## पूर्णायू आयुर्वेद चिकित्सा का निः शुल्क परामर्श एवम् निदान शिविर में सैकड़ों मरीज हुए लाभांवित

**शिविर में पंजीकृत मरीजों को पूर्णायू जबलपुर में इलाज के लिए प्रथम परामर्श नि : शुल्क करने की घोषणा**

**कटनी, यशभारत।** अमृत वर्षा योग 2023 के पावन अवसर पर युगशिरोमणि 108 आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समता सागर जी महाराज, 108 महासागर जी महाराज, 108 निष्कंप सागर जी महाराज, 105 निश्चय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूर्णायू आयुर्वेद चिकित्सा का नि: शुल्क परामर्श एवम् निदान शिविर का आयोजन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल द्वारा आचार्य ज्ञान सागर सभागार, संत निवास कटनी में किया गया। जिसमे मुंबई के प्रसिद्ध आर्थो सर्जन डॉक्टर सुहास शाह के द्वारा लोगो को अस्थि रोग से संबंधित बीमारियों का इलाज मिला एवं आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से जैन संरक्षणी सभा द्वारा संचालित पूर्णायू आयुर्वेद चिकित्सा संस्थान जबलपुर के डॉक्टर चेताली शहा, मनोज पटेल, शुभम जैन, पायल बाथरे द्वारा लोगो को नि: शुल्क परामर्श दिया गया, फार्मासिस्ट भगत सिंह, रितेश ठाकुर के द्वारा दवाइयों का वितरण किया गया, शिविर का निर्देशन डॉ अंकित जैन के द्वारा किया गया और मरीजों के ब्लडप्रेशर, शुगर की भी नि: शुल्क जांच रूबी बर्मन के द्वारा की गई। शिविर में 300 लोगो को स्वास्थ्य लाभ के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस कार्यक्रम को चातुर्मास धर्म प्रभावना समिति के अंतर्गत सकल दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति कटनी के सहयोग से दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रॉयल के द्वारा आयोजित किया गया। शिविर के पुण्यार्जक विजय कुमार अंकुर कुमार आरिश जैन परिवार रहे और रॉयल ग्रुप के सदस्यों द्वारा बाहर से आए सभी डॉक्टरों व उनके स्टाफ का तिलकवंदन कर सम्मान किया एवं स्मृतिचिन्ह दिया गया। कार्यक्रम के प्रभारी आकेत जैन, राजू जैन, सचिन सिंघई, पुष्कर सिंघई, आशीष जैन व अमित सिंघई रहे और आयोजन को सफल बनाने में रॉयल ग्रुप के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंघई ने किया एवम् समापन पर रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष अंकित जैन के द्वारा किया। पूर्णायु आयुर्वेद संस्थान प्रबंधन के द्वारा शिविर में पंजीकृत मरीजों को पूर्णायू जबलपुर में आगे के इलाज के लिए प्रथम परामर्श नि: शुल्क करने की घोषणा की गई।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह | 15 दिन | 7 दिन | 3 दिन | 1 दिन
Rs.1800/- | Rs.1200/- | Rs.500/- | Rs.250/- | Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. 9425362893, 8839684296
e-mail : katni@yasshbharat.com

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से
रोजाना 6 शो
12.00 PM (AUDI-1)
01.00 PM (AUDI-3)
03.15 PM (AUDI-1)
06.30 PM (AUDI-1)
09.45 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-3)



रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से
रोजाना 3 शो
03.45 PM (AUDI-2-3D)
06.30 PM (AUDI-2-3D)
09.30 PM (AUDI-2-3D)



MEGH – 2
(THE TRENCH)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

# औसतन 50 प्रतिशत बारिश के बाद भी लबालब नहीं हुए जिले के जलाशय

## 120 में से 92 जलाशयों में 55 प्रतिशत जलभराव, जिले के सबसे बड़े कूड़न जलाशय में 50 प्रतिशत आया पानी

**कटनी, यशभारत।** जिले के 679 मिलीमीटर बारिश के बाद भी जिले के जलाशय 50 प्रतिशत तक खाली हैं। इनमे से कुछ जलाशयों में जल भराव की अच्छी स्थिति है तो कुछ अभी भी खाली है। जिले के सबसे बड़े कूड़न जलाशय की बात करें तो इसमें भी 50 प्रतिशत पानी है। पिछले साल इन जलाशयों में औसतन 70 प्रतिशत पानी भरा था। जल संसाधन विभाग को उम्मीद है कि इस बार जलाशयों में 70 प्रतिशत से अधिक जलभराव होगा।




**विभाग को उम्मीद : जलाशयों में इस बार औसतन 70 प्रतिशत से ज्यादा होगा जलभराव**

एक समय था, जब जिले में 120 जलाशय हुआ करते थे, लेकिन समय के साथ 28 जलाशयों ने दम तोड़ दिया। अब इन जलाशयों में न तो पानी भरता है और न ही रूकता है। सालों से ये जलाशय बदहाल स्थिति में है। बताया जाता है कि इन जलाशयों की मरम्मत के लिए साढ़े 3 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर खर्च तय किया गया है, जो कि शासन के प्रावधानों से अधिक है, जिसके चलते इन जलाशयों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। ये जलाशय अब गिनती में भी नहीं है। शेष 92 जलाशयों में बारिश के बाद 50 प्रतिशत पानी आया है। जलाशयों में पानी भरने के बाद इस बार किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं होगी।

### जिले में इन जलाशयों में आया 50 प्रतिशत पानी

जिले में अमेहटा, सगौना, भरवारा, भितरीगढ़, दतला, सर्रा, सिमरार, बहोरीबंद, रूपनाथ, सकरवारा, प्राचीताल, खितौली, मसंधा, रामपाटन, छपरी, लोखान, खितौली, पबरा, बौरीनी, पिपरौंध, गुरजी, गोदाना, पाली, ददरी, सुगवां, इमलिया, करहिया, कुम्हरवारा, अमाड़ी, बरेहटी, बसाड़ी, बेतगंगा, बिलगवां, देवरीहटाई, घुनसर, गरेहा, इन्दौर, जगुआ, खजुरा, लुहरवारा, मगरेहटा, माल्हन, मोहास, नन्हवारा, पथरेहटा, संकरी, सिजहनी, डिठवारा, अमगवां, छपरा, देवरी, गाड़ा, हिनौती, कछारगांव, खलरा, भुआ, पड़वारा, पहरुआ, पटनेनाला, सलैया, सिलपुरी, तिवरी, तिहारी, कौड़िया, बंदाचुआ, जुझारी, शांतिनगर, अंरतवेद, बेलकुंड, बिजौरी, चंदौल, छाजा, धनगवां, डोहली, झांपी, झिरगिरी, झिर्री, करौंदा, करकेहरी, खम्हरिया, किसगी, कोहारी, मुरवारी, पेशनी, सारंगपुर, सरसवाही, सिंघरतलाई, सिलपुरा, गौरा, पहरुआ, अहिरगवां, बरेहटा, भरतला, बाल्हा, बोरीना, चिखला, देवरी, धोरसी, गैंतरा, गोदाना, गुलवारा, गुरजी, हरदुआ, हरद्वारा, इमलिया, जरवाही, करहिया, खिरवा, कुम्हरवारा, मड़ई, पटौंहा, पिपरौंध श्रीबांध, सिमरार कुदरी, सुरखी, देवलिया, गोरहाबंधा, वसुधा, बरेहटा, भरतला, घिनौची, कुम्हरवारा, पिपरौंध, जरवाही, खितौली, पथरेहटा, सर्रा, दतला, सगौना, चन्दौल, सारंगपुर, झिर्री, छनगंवा, धरवारा, करौदा, बिजौरी, भजिया, झांपी, अमेहटा, भीतरीगढ़, गौरा, पहरुआ, बहोरीबंद, रूपनाथ, सिमरार, सकरवारा, छपरी, रामपाटन, मसंधा, देवरी, कौड़िया, सिलपुरी, सलैया, हिनौती, जुझारी कल्हैया, खलरहा शामिल है।

### इनका कहना है

जिले में कुल 120 जलाशय हैं। इनमे से 92 जलाशय में 55 प्रतिशत तक पानी भरा है, जबकि 28 जलाशय ऐसे हैं, जिसमे पानी नहीं भरता है। जिले के सबसे बड़े कूड़न जलाशय में 50 प्रतिशत जलभराव हुआ है। पिछले साल इन जलाशयों में 70 प्रतिशत पानी भरा था। उम्मीद है कि इस बार बारिश के बाद 70 प्रतिशत से अधिक पानी जलाशयों में आएगा।

**श्री बघेल, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग**

## में हूं अभिमन्यु अभियान : अपराध रोकने एवं नहीं करने की शपथ

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** जनसाहस के सहयोग से एनजीओ संस्था द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बच्चों के साथ में जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। मैं हूं अभिमन्यु के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं अपराध के कुचक्र को तोड़ने के लिए जागरूक किया गया। जागरूकता के अंतर्गत कार्यक्रम के अंतर्गत लिंगभेद, नशा, दहेज, भ्रूण हत्या, शिक्षा एवं रूढ़िवादिता को कैसे समाप्त किया जाएए इस के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जनसाहस संस्था से आए हुए जिला समन्वयक शिव कुमार वर्मा, मुकेश कुमार द्विवेदी, निशा केवट, अरविंद पटेल द्वारा बताया गया एवं हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098 की जानकारी दी गई एवं जनसाहस मजदूर हेल्पलाइन नंबर एवं जन



साहस महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाली हिंसा की रोकथाम के लिए 18003028 नंबर की जानकारी दी गई एवं मैं हूं अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत सभी बच्चों से एक प्रश्नावली भी हल कराई गई ताकि अपराध को कैसे रोका जा सके, इसके संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। इंटरनेट के कैसे प्रयोग करना है, उसके संदर्भ में, दहेज प्रथा को कैसे समाप्त करना है एवं भ्रूण हत्या को रोकने के लिएए सब लोगों में समानता लाने के लिए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई एवं इस के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी विजयराघवगढ़, सब.इंस्पेक्टर विनोद सिंह, प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं, शाला स्टाफ ओम प्रकाश सोनी की उपस्थिति रही। बच्चों ने कार्यक्रम की सराहना की एवं इनको अपराध को रोकने के लिए अपराध यदि होता है, तो उसके रोकने के लिए अपराध न करने की शपथ दिलाई।

**» न्यूज गैलरी**

### संकट मोचन जगन्नाथ धाम में सुंदरकांड पाठ व शालिग्राम अभिषेक के बाद भंडारा

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में संकट मोचन हनुमान जी की पूजन अर्चन सुंदरकांड पाठ उपरांत आचार्य अनुज शास्त्री द्वारा भगवान शालिग्राम का षोडशोपचार पूजन अभिषेक कराकर उपस्थित महाआरती के बाद उपस्थित चिद्यालय के ब्राम्हण बालको आचार्यो को वस्त्र दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत ब्राम्हण व जन समुदाय को भंडारे का प्रसाद बितरण किया गया। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के विनोद मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, कृष्ण दास पांडे, अरुण कुमार मिश्रा, शिवकुमार पांडे, रामावतार तिवारी, राकेश उरमलिया, विमलेंदु, ऋषिकेश मिश्रा, निशांत पांडे, एस डी पांडे, राम नारायण गर्ग, हरीश दुबे, रमाकांत तिवारी, अनिल शर्मा, पी सी पयासी, प्रमोद शुक्ला, प्रवेश मिश्रा, जागेश्वर मिश्रा, सोनू दुबे, अरुण दुबे, अम्बुज त्रिपाठी, रमेश पांडे उपस्थित रहे।

## खिरहनी में चला प्रशासन का बुल्डोजर, अवैध कब्जे से मुक्त हुई जमीन

**कटनी, यशभारत।** कटनी सेवा समिति की पैतृक जमीन पर अवैध कब्जे को प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में सख्ती से हटा दिया। बताया जाता है कि कटनी सेवा समिति की पैतृक भूमि ग्राम खिरहनी खसरा नंबर 969 रकवा 0.040 हेक्टेयर के अंश भाग में सरजू चौधरी पिता मल्लू चौधरी निवासी खिरहनी ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। जमीन पर अवैध कब्जे के बाद श्रीमती आशा स्वर्णकार पत्नी स्व. सुरेश स्वर्णकार पुत्र हितेंद्र स्वर्णकार द्वारा न्यायालय तहसीलदार नगर में प्रकरण दाखिल करते हुए अवैध कब्जे को हटाने का निवेदन किया गया था। इस प्रकरण में माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी के अपील प्रकरण में पारित आदेशनुसार राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, अतिक्रमण दस्ता, नगर पालिका निगम एवं एनकेजे थाने की पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जे को हटाया गया और भूमि स्वामी के पुत्र हितेंद्र स्वर्णकार को कब्जे की भूमि से कब्जा हटवाकर नपाई करके चूना डलवाकर कब्जा सौंपा गया।



## राज्य कर्मचारी संघ की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा




**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी की बैठक विगत 7 अगस्त को दोपहर में सिविल लाइन रेस्ट हाऊस में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति सदस्य एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी श्रीमति साधना मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने श्रीमति साधना मिश्रा का स्वागत करते हुए उन्हें संगठनात्मक और कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान की। बैठक में प्रदेश मंत्री ओ पी सोनी, प्रदेशाध्यक्ष अनिल मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव धीरेन्द्र प्रताप सिंह, श्री दत्ता, श्री राणा, रामेश्वर तिवारी, उपेन्द्र मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश जैन एवं संघ के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

**नीरज सिनेप्लेक्स में**

ऑल इंडिया रिलीज




11 अगस्त से

रोजाना 3 शो 11.45, 3 एवं सायं 6 बजे से

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा

गदर-2

कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

टिकट दर बालकनी क्लास-100/- बॉक्स -100/- अपर क्लास 80/-

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

mgm NURSING

एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




11 अगस्त से

रोजाना 2 शो

12.00 PM (AUDI-1-2D)
09.45 PM (AUDI-2D)

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9.15 बजे से रहेगा (ऑडी-1 में)

ओएमजी-2

कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, अरूण गोविल आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




11 अगस्त से

रोजाना 6 शो

12.30 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा (ऑडी-2 में)

गदर-2

कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

परिशिष्ट-अ

## कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग

मकान न 46 शरद पुंज गोरखपुर थाने के सामने, नर्मदा रोड गोरखपुर जबलपुर 482003 मध्य प्रदेश

// आवेदन आमंत्रण की सूचना //

जबलपुर संभाग के जिलों में 75 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, 192 आंगनबाड़ी सहायिकाओं तथा 05 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णत: अस्थाई एवं मानदेय आधारित पदों के लिए पात्र महिला अभ्यार्थियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्रमांक | जिले का नाम | परियोजना का नाम | आंगनवाडी कार्यकर्ता पद संख्या | आंगनवाडी सहायिका पद संख्या | मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ता पद संख्या | जिला कार्यालय का दूरभाष क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिंडोरी | डिंडोरी | 2 | 3 | 0 | 7644-234965 |
| 2 | | अमरपुर | 2 | 3 | 1 | |
| 3 | | समनापुर | 1 | 0 | 0 | |
| 4 | | बजाग | 1 | 2 | 0 | |
| 5 | | करंजिया | 0 | 4 | 1 | |
| 6 | | मेहंदवानी | 0 | 3 | 0 | |
| 7 | | शहपुरा | 0 | 2 | 0 | |
| 8 | नरसिंहपुर | नरसिंहपुर | 0 | 1 | 0 | 7792230512 |
| 9 | | गोटेगांव | 0 | 1 | 0 | |
| 10 | | करेली | 0 | 2 | 0 | |
| 11 | | चांवरपाठा | 0 | 6 | 0 | |
| 12 | | चीचली | 1 | 1 | 0 | |
| 13 | | साईखेड़ा | 2 | 4 | 0 | |
| 14 | मंडला | बिछिया | 2 | 0 | 0 | 7642252373 |
| 15 | | बीजाडांडी | 2 | 3 | 0 | |
| 16 | | घुघरी | 5 | 2 | 1 | |
| 17 | | मंडला | 1 | 0 | 0 | |
| 18 | | मवई | 2 | 2 | 1 | |
| 19 | | मोहगांव | 0 | 1 | 1 | |
| 20 | | नैनपुर | 1 | 0 | 0 | |
| 21 | | निवास | 2 | 0 | 0 | |
| 22 | कटनी | बड़वारा | 0 | 1 | 0 | 7622221232 |
| 23 | | बहोरीबंद | 1 | 2 | 0 | |
| 24 | | ढीमरखेड़ा | 0 | 6 | 0 | |
| 25 | | कटनी शहरी | 1 | 3 | 0 | |
| 26 | | मुड़वारा | 0 | 3 | 0 | |
| 27 | | विजयराघवगढ़ | 0 | 4 | 0 | |
| 28 | बालाघाट | बैहर | 1 | 7 | 0 | 07632241637 |
| 29 | | बिरसा | 1 | 11 | 0 | |
| 30 | | परसवाड़ा | 4 | 4 | 0 | |
| 31 | | बालाघाट ग्रामीण | 2 | 9 | 0 | |
| 32 | | किरनापुर | 2 | 2 | 0 | |
| 33 | | लांजी | 1 | 5 | 0 | |
| 34 | | वारासिवनी | 0 | 5 | 0 | |
| 35 | | लालबर्रा | 2 | 6 | 0 | |
| 36 | | कटंगी | 0 | 3 | 0 | |
| 37 | | खैरलांजी | 0 | 1 | 0 | |
| 38 | सिवनी | बरघाट | 1 | 2 | 0 | 77692228191 |
| 39 | | छपारा | 3 | 2 | 0 | |
| 40 | | धूमा | 1 | 3 | 0 | |
| 41 | | घंसौर | 6 | 4 | 0 | |
| 42 | | केवलारी | 1 | 3 | 0 | |
| 43 | | लखनादौन | 0 | 1 | 0 | |
| 44 | | सिवनी नवीन | 1 | 1 | 0 | |
| 45 | | सिवनी- 02 | 1 | 2 | 0 | |
| 46 | छिंदवाड़ा | अमरवाड़ा | 0 | 7 | 0 | 7162243421 |
| 47 | | बिछुआ | 3 | 0 | 0 | |
| 48 | | चौरई | 1 | 3 | 0 | |
| 49 | | छिंदवाड़ा ग्रा | 0 | 11 | 0 | |
| 50 | | छिंदवाड़ा श | 0 | 5 | 0 | |
| 51 | | परासिया-1 | 0 | 4 | 0 | |
| 52 | | परासिया - 2 | 0 | 1 | 0 | |
| 53 | | पांढुर्णा | 1 | 1 | 0 | |
| 54 | | जुन्नारदेव-1 | 0 | 2 | 0 | |
| 55 | | जामई-2 | 3 | 0 | 0 | |
| 56 | | तामिया | 0 | 4 | 0 | |
| 57 | | सौंसर | 0 | 5 | 0 | |
| 58 | | हर्रई | 5 | 3 | 0 | |
| 59 | जबलपुर | जबलपुर शहरी-02 | 1 | 2 | 0 | 7612623810 |
| 60 | | जबलपुर शहरी-03 | 2 | 1 | 0 | |
| 61 | | जबलपुर शहरी-04 | 0 | 2 | 0 | |
| 62 | | जबलपुर शहरी-06 | 1 | 1 | 0 | |
| 63 | | कुण्डम | 1 | 3 | 0 | |
| 64 | | शहपुरा | 1 | 2 | 0 | |
| 65 | | बरगी | 0 | 1 | 0 | |
| 66 | | मझौली | 1 | 2 | 0 | |
| 67 | | पनागर | 2 | 0 | 0 | |
| 68 | | सिहोर | 0 | 2 | 0 | |
| | योग | | 75 | 192 | 05 | |

उपरोक्त चार्ट अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों की नामवार सूची एवं नियम निर्देश / शर्तें आवेदन का प्रारूप एवं अन्य अर्हताएँ संबंधित जिला कार्यालय एवं संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। जिस ग्राम / वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम / शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिये। संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णत भरे आवेदन पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक में विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 15 दिवस तक जमा कराकर निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते है। संभागीय कार्यालय, महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग में आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(शशि श्याम उइके)
संभागीय संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास जबलपुर संभाग

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

G-17989/23

जो जनता का विश्वास खो चुके, वो अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं

# राहुल गांधी जी को अपने ऊपर ही विश्वास नहीं : शिवराज

**भोपाल,यशभारत। लोकसभा में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी जी अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं लेकिन उन्हें अपने आप पर ही विश्वास नहीं है। इस अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस भी जानती है कि कोई दम नहीं है। देश का विश्वास श्रीमान नरेंद्र मोदी जी में है। जो अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं उनका सबसे ज्यादा अविश्वास एक दूसरे पर ही है। आम आदमी पार्टी का जन्म ही कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन से हुआ था। अब वही गड़बड़ियां कर रहे हैं।**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिस गठबंधन की नींव में ही अविश्वास का मलवा हो, उस पर विश्वास का महल कैसे बनेगा। एक समय था जब केजरीवाल पानी पी पीकर कोसते थे, अन्ना आंदोलन चला था, अब कांग्रेस उसी आप पार्टी के साथ है। लालू जी, नीतीश जी एक दूसरे को पानी पी-पीकर कोसते थे। अब वह भी साथ-साथ हैं।

### विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में ही अविश्वास

विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जो कभी राज्यों में हाथ नहीं मिलाते वो दिल्ली में गले मिलने का ढोंग कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में ही अविश्वास का मलवा है। वामपंथी और कांग्रेसी केरल में भी लड़े और बंगाल में भी लड़े। लेकिन अब ये फिर साथ-साथ हैं। ये साथ साथ क्यों ? इसलिए कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद के दाग जिन पर लगे हुए हैं और जिनको लग रहा है कि अब बचे कैसे, वह सब एक साथ आ रहे हैं। जनता इन पर विश्वास नहीं करती।

मुख्यमंत्री चौहान ने आगे कहा कि कांग्रेस कंफ्यूज है और कई चीजों के लिए मजबूर है। जो लोग कभी राम भगवान का नाम लेने से परहेज करते थे, काल्पनिक मानते थे। आज वो कथाएं करा रहे हैं और हनुमान चालीसा का पाठ करा रहे है। अब यह करने के लिए मजबूर है क्योंकि चुनाव आ रहे हैं। यह कांग्रेस की चुनावी भक्ति है। उनके अंदर ही अंदर अंतर्द्वंद मचा हुआ है। कमलनाथ जी सोच रहे हैं, मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं; बड़ी मुश्किल है किधर जाऊं..? अब तो उनके एक नेता ने ही कह दिया है, कि मुख्यमंत्री कौन बनना चाहिए? उनके तो नेता होने पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। अब मुझे लग रहा है कि वह नेता का दावा पुख्ता करने के लिए कथाओं के आयोजन में भी लग गए है।



### जो 18 साल का हिसाब मांग रहें वे सुन लें...

मध्यप्रदेश में 18 साल के हिसाब को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि जो 18 साल का हिसाब मांग रहे है वे सुन लें, 2003 तक मध्य प्रदेश बीमारू राज्य था। प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रुपये थी, कमलनाथ जी आज बढ़कर 1 लाख 40 हजार हो गई। जब कांग्रेस की सरकार होती थी। गड्ढों में सड़क ढूंढती थी जनता, पूछो अपने सहयोगी दिग्गी राजा से। केवल 61 हजार किलोमीटर टूटी-फूटी सड़कें थी। आज ग्रामीण सड़कों को अगर मैं मिला लूं तो 5 लाख 11 हजार किलोमीटर शानदार सड़के बनाई तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बनाई।

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस को जवाब देना होगा,उनके समय में जब दिग्गी मुख्यमंत्री हुआ करते थे तो बच्चे डिब्बी में पढ़ाई किया करते थे। केवल 3-4 घंटे बिजली आती थी। आज हमने 29 हजार मेगावाट बिजली बनाकर मध्य प्रदेश की जनता को दी है। जब आप का राज था तो कृषि विकास दर नेगेटिव रहा करती थी आज मुझे कहते हुए गर्व है कि 18त्न से ज्यादा की एग्रीकल्चर ग्रोथ अगर हासिल की है तो मध्यप्रदेश ने हासिल की है और वो लगातार जारी है। हमारी विकास दर पिछले साल 18त्न से ऊपर थी इस बार 16त्न के ऊपर है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कमलनाथ जी जब आपके सहयोगी दिग्गी राजा की सरकार थी तब बजट 23 हजार करोड़ रूपया हुआ करता था। उसको बढ़ाकर हमने किया 3 लाख 14 हजार करोड़ रूपया। कांग्रेस, राजा, नवाब सबकी मिला लो तो सिंचाई केवल साढ़े 7 लाख हेक्टेयर में हुआ करती थी। आज हमने आज हमने 47 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित कर दी है और 65 लाख के टारगेट की तरफ निरंतर बढ़ते जा रहे हैं।

### मैं गरीबों की तकलीफ कम करता हूं तो कमल नाथ की तकलीफ बढ़ जाती है

कांग्रेस की नाकामियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि जब कमल नाथ की सरकार थी तो मध्य प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, आज मेडिकल कॉलेज की संख्या 30 तक पहुंच रही है। जब कमल नाथ थे तो बच्चे काँख में फट्टा दबाकर स्कूल जाया करते थे, हम शानदार सीएम राइज स्कूल बना रहे हैं। जब कमल नाथ थे तो प्रदेश अधोगति की तरफ जा रहा था। प्रदेश की जीएसडीपी का कुल साइज 71 हजार करोड़ रूपए था। आज प्रदेश की जीएसडीपी का कुल साइज 15 लाख करोड़ के आसपास पहुंच गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जब मैं गरीबों की तकलीफ कम करता हूं तो कमलनाथ की तकलीफ बढ़ जाती है। मुझे गर्व है कि 18 साल में हमने मध्यप्रदेश बदला है तो वह दुखी होते हैं। दूसरी चीज मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं, कि वह रोज एक नए वादे करते है कि ये फ्री दे देंगे, वो फ्री दे देंगे... उन 900 वादों का क्या हुआ? उन्होंने एक वादा पूरा नहीं किया, वचन नहीं निभाए। मेरी और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की योजनाएं क्यों लौटा दी?जल जीवन मिशन 2019 में शुरू किया, प्रधानमंत्री जी ने पैसे भेज रहे थे। आपने जल जीवन मिशन क्यों प्रारंभ नहीं किया? प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए किसानों के नाम दिल्ली क्यों नहीं भेजे? बैगा, भारिया और सहरिया जैसी गरीब बहनों के 1 हजार रुपया बंद क्यों किए कमलनाथ? बच्चों के लैपटॉप क्यों छीने, संबल योजना क्यों बंद की? बेटा-बेटी के जन्म लेने के बाद 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार रुपया हम देते थे। वो 16 हजार रूपए की राशि क्यों बंद की?

## » न्यूज गैलरी

### मल्लिकार्जुन खरगे 22 अगस्त को आएंगे सागर

**मप्र में खरगे का यह पहला चुनावी दौरा होगा**

भोपाल। आगामी बाईस अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रदेश के सागर जिले आएंगे। यहां वे जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। मल्लिकार्जुन खरगे का यह मध्य प्रदेश में पहली चुनावी दौरा होगा। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कार्यक्रम की तैयारी के लिए शुक्रवार को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। वहीं, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया को कार्यक्रम का प्रभारी बनाया है। प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि मल्लिकार्जुन खरगे का सागर में कार्यक्रम 13 अगस्त को प्रस्तावित किया गया था, लेकिन उनकी व्यस्तता के कारण इसे स्थगित कर दिया था। अब वे 22 अगस्त को आ रहे हैं और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पहले पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का शहडोल के ब्योहारी में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया था, लेकिन वह भी टल गया। अब वे सितंबर में आ सकते हैं। उधर, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जबलपुर और ग्वालियर में जनसभा को संबोधित कर चुकी हैं। पार्टी ने तय किया है कि वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम अलग-अलग अंचलों में कराए जाएंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को सागर आ रहे हैं। वे संत रविदास के मंदिर की आधारशिला रखने के साथ जनसंवाद करेंगे। इसके लिए प्रदेश भाजपा ने पांच अलग-अलग स्थानों से समरसता यात्रा निकाली है, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से होती हुई सागर पहुंचेगी। संत रविदास समरसता यात्रा को प्रदेश भर में बेहतर रिस्पांस मिल रहा है, यात्रा में भारी भीड जुट रही है।

### पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों की माताओं को दी स्तनपान की जानकारी

**मुरैना (ईएमएस)।** मुख्य चिकित्स एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर, पोषण प्रशिक्षक टीना गुप्ता, दीपा कौशल, बूमेन काउन्सलर नीतू शर्मा ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों की माताओं को स्तनपान सप्ताह के दौरान शिशु को मां का दूध पिलाने संबंधी विस्तार से जानकारी दी। डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर ने बताया कि मां का दूध पिलाने से बच्चे को मानसिक विकास और सभी तरह के विटामिन से भरपूर होता है। मां का दूध कीटाणु रहित और ताजी रहता है। स्तनपान कराने वाली माताओं को जन्म से 06 माह तक मां का दूध पिलाये। पोषण प्रशिक्षक टीना चांदिल ने आईवाईसीएफ किताब से मां बच्चे के लगाव बताये। उन्होंने जुड़ाव, गुड़िया द्वारा डेमो करके बच्चे को मां कैसे सहारा देकर रखना, मां को दूध पिलाते समय आराम की स्थिति में रखे, जिससे बच्चा पेट भर कर दूध पी सके। उन्होंने परिवार नियोजन के साधन के बारे में भी जानकारी दी। जिससे मां और बच्चे दोनों स्वास्थ्य रह सके।

### निर्वाचन प्रक्रिया को अधिकारी गंभीरतापूर्वक लेकर पूर्ण करें - कलेक्टर

मुरैना (ईएमएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकारी गंभीरता के साथ समय पर कार्य पूण करें। चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यह बात उन्होंने टीएल बैठक में संबोधित करते हुये अधिकारियों से कही। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, नगर निगम कमिश्नर, समस्त एसडीएम, समस्त जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि इस कक्ष में अधिकतर अधिकारी सेक्टर ऑफीसर भी बनाये गये है, वे भी मौजूद है। सेक्टर ऑफीसर यह सुनिश्चित करें कि अगस्त और सितम्बर माह में तीन-तीन बार अपने-अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें, लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुनें, जिसमें खाद, बीज, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करें। इसके बाद उनसे चुनाव के बारे में भी चर्चा करें।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की चरण पादुका यात्रा संत रविदास वार्ड पहुंची

**सागर, यशभारत।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की चरण पादुका यात्रा के तीसरे दिन संत रविदास वार्ड में पहुंची। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज बस स्टैंड खुरई रोड से यात्रा का शुभारंभ डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।यात्रा के समापन अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा विशेष यात्रा है जो सामाजिक समरसता को एक महत्वपूर्ण क्रांति का स्वरूप देने का कार्य करेगी। हम सभी को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करेगी। यात्रा में सभी धर्म के लोग गुरु जी की चरण पादुका लेकर चल रहे हैं। यह कार्यक्रम आपका हमारा ,सबका एकता का प्रतीक बने ,हम इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को निमंत्रण पत्रिका देकर 12 अगस्त को ढाना हवाई पट्टी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया। कल की यात्रा काकागंज,पंतनगर एवं अंबेडकर वार्ड में पहुंचेगी।एकत्रीकरण दोपहर 3 बजे गुलाब बाबा मंदिर बावन टपरियों से होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकुमार साहू,जगन्नाथ गुरैया,विक्रम सोनी, मनीष चौबे रीतेश मिश्रा, प्रासुख जैन,श्रीकांत जैन,रानी चौधरी,धर्मेंद्र खटीक,प्रभु दयाल साहू,मुन्ना ठेकेदार,धर्म ठेकेदार,जय चढ़ार,निर्भय घोसी,संजय अहिरवार,रामसिंह अहिरवार,रामू अहिरवार,देवेंद्र अहिरवार,गोलू कोरी, भरत अहिरवार, कृष्णकुमार पटेल,कैलाश हसानी,संतोष अहिरवार,अरमान सिद्दीकी,राधेश्याम ठेकेदार,सुमित यादव,सिंथिल पड़ेले,अरविंद चौधरी,शैलेंद्र नामदेव,रिंकू नामदेव,अमित जैन,नीलेश जैन,नीरज यादव,नरेश धानक,राजेश कुशवाहा,मुन्ना राठौर,गोपी पंथी,नर्मदा पटेल,कुलदीप खटीक,राहुल पड़ेले,प्रीतम पटेल,भगवान दास अहिरवार,अर्पित अहिरवार,दुर्गेश चौधरी,अंकित विश्वकर्मा उपस्थित थे।



## वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद नहीं है, उसे बंद करना चाहिए- पं. धीरेंद्र शास्त्री

**छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम बोले जो राम का, वो हमारा**

छिंदवाड़ा, यश भारत । बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कहना है कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद नहीं है। इसे मस्जिद कहना बंद कर चाहिए। यह भगवान शिव का मंदिर है। शास्त्री ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि जो राम का है, वह हमारा है। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ ब्लाक के सिमरिया में रामकथा करने पहुंचे थे, जिसका सोमवार को समापन हो गया। इसके मुख्य यजमान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ के बेटे और छिंदवाड़ा से सांसद नकुल नाथ थे। सिमरिया में रामकथा के आखिरी दिन दोपहर दो बजे से कथा शुरू हुई, जो शाम 5 बजे तक चली। महा भंडारे के साथ कथा का समापन हो गया। उधर, प्रशासनिक अमला बंदोबस्?त को लेकर लगातार सक्रिय रहा। वहीं सांसद नकुल नाथ ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा कथा करने को लेकर कहा कि हिंदुत्व की एजेंसी भाजपा के पास नहीं है, हम भी सनातनी हैं और धार्मिक व सामाजिक आयोजन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसमें विचारों और भावनाओं का आदर किया जाता है, हम जिस उत्साह से होली और दीपावली मनाते हैं, उसी उत्साह से ईद और क्रिसमस भी मनाते हैं। सिद्ध सिमरिया हनुमान धाम में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य कथा का विधि विधान से पूजन-अर्चन के साथ समापन हुआ। सांसद नकुल नाथ ने कथा के मंच से जामसांवली वाले हनुमान महाराज व सिमरिया के संकट मोचन हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए छिंदवाड़ा सहित महाकौशल से पधारे श्रद्धालु श्रोताजनों का अभिवादन किया। बागेश्वर सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री को प्रणाम कर उन्होंने कहा कि इस दिव्य कथा को सुनने और बागेश्वर बालाजी के चरणों में नमन करने आए अन्य जिलों और अन्य प्रदेशों के भक्तजनों की ओर से भी हमारा प्रणाम है।




## मंदिर के पुजारी पर उसके सालों ने तलवार से किया हमला

भोपाल यश भारत। राजधानी के नजदीक बैरसिया थाना इलाकों में मंदिर के पुजारी पर उसके सालों ने तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अजबपुरा में रहने वाला 37 वर्षीय भगवान सिंह गुर्जर पिता धूर सिंह गुर्जर ग्राम रामपुर में स्थित बलाचोन के बालाजी मंदिर में पुजारी है। उनका अपनी पत्नी से मारपीट और दहेज प्रताड़ना का केस कोर्ट में चल रहा है। भगवान सिंह ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले वह मंदिर में था, उसी दौरान वहां उसके साले रामबाबू और विकास अपने साथियों के साथ आ धमके। पत्नी से चल रहे विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसपर तलवार से भी वार किया। घटना में भगवान सिंह के हाथ पैर में फ्रैक्चर हो गया। साथ ही उसके सिर में घातक चोट आई है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी उसे मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बाद में घायल पुजारी को इलाज के लिए बैरसिया स्थित एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## सवा लाख की दवाईयों से हुआ अद्भूत श्रृंगार डॉक्टर स्वरूप में सजे अलीजा सरकार

**ग्रीन कारिडोर की झांकी सजी झांकी, इन्दौर को स्वच्छता के साथ अंगदान में भी नंबर 1 होने का दिया संदेश**



इन्दौर , यश भारत। स्वच्छता एवं अंगदान में तो इन्दौर शहर नंबर वन पर है ही लेकिन स्वास्थ्य में भी शहर को नंबर वन बनाने की पहल पंचकुईया स्थित वीर बगीची हनुमान मंदिर से की गई। श्रावण मास के पांचवे सोमवार को वीर अलीजा हनुमान मंदिर का सवा लाख की दवाईयों से अद्भूत श्रृंगार किया गया। दवाईयों एवं अस्पताल की थीम पर सजे हनुमान को निहारने हजारों की संख्या में भक्त सोमवार को अलीजा सरकार के दरबार में पहुंचे थे।वीर बगीची गादीपति बाल ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज ने बताया कि देश में संभवत~ वीर बगीची पहला मंदिर हैं जहां पहली बार दवाईयों से श्रृंगार किया गया। गर्भगृह से लेकर मंदिर परिसर के बाहरी हिस्सों को दवाईयों से सजाया गया। डॉक्टर एवं दवाईयों की थीम पर श्रृंगारित मंदिर को 21 कलाकारों की टीम ने आकार दिया एवं 6 दवाईयों की कलर थीम पर सजावट की गई थी। जिसमें 4 से 5 घंटों को समय लगा। वीर बगीची में आयोजित सोमवार को लाखों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए। वहीं जहां एक ओर अखण्ड रामायण पाठ मंदिर परिसर में किया जा रहा है तो वहीं दुसरी द्वारकामंत्री की भजन संध्या ने सभी भक्तों को मध्यरात्रि तक थिरकाए रखा। वीर बगीची में हुए अलीजा सरकार के अद्भूत श्रृंगार को भक्त मंगलवार को भी निहार सकेंगे। डॉक्टर एवं दवाईयों की थीम पर सजे दरबार के साथ ही यहां अंगदान की झांकी भी सजाई गई है जो यहां आने वाले भक्तों का आकर्षण का केंद्र रही। बुधवार को सभी दवाईयों को एमवायएच अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों को बांटा जाएगा।

## चंद्रयान-3 द्वारा चंद्रमा का वीडियो निर्माण बड़ी उपलब्धि- मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि चंद्रयान-3 द्वारा चंद्रमा का बनाया गया वीडियो बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट कर इस उपलब्धि पर भारतीय वैज्ञानिकों और इसरो की टीम के सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि चन्द्रमा का बनाया गया वीडयो साधारण घटना नहीं है। वास्तव में यह विशेष कार्य है, जो सभी देशवासियों को गौरवान्वित करने वाला है।




## मध्य प्रदेश के 10 जिलों के भूजल में यूरेनियम की मात्रा अधिक

भोपाल। मध्य प्रदेश के 10 जिलों के कई क्षेत्रों के भूजल में यूरेनियम नामक तत्व की मात्रा अधिक मिली है। इससे इस पानी का पेयजल के रूप में प्रयोग होने से लोगों में बीमारी का खतरा बढ़ गया है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। यूरेनियम की अधिक मात्रा वाला पानी पीने से लोगों में किडनी, लिवर खराब होने और कैंसर होने की आशंका बढ़ गई है।

**बीमारी का बढ़ा खतरा**

ग्वालियर के घाटीगांव क्षेत्र के भूजल में यूरेनियम की मात्रा सबसे अधिक मिली है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के अधिकारियों का यह भी कहना है कि भूजल में यूरेनियम की अधिक मात्रा होने पर वन्यजीव भी प्रभावित होंगे। अधिकारियों के अनुसार भूजल में यूरेनियम प्रदूषण की प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए आगामी वर्षों में गहन और व्यवस्थित अध्ययन किया जाना प्रस्तावित है। मध्य प्रदेश के भूजल में यूरेनियम से प्रदूषण के संदर्भ में अंतिम निष्कर्ष गहन और व्यवस्थित अध्ययन पूर्ण होने के बाद ही लिया जाएगा। प्रदूषण नियंत्रण मंडल भी नहीं करता यूरेनियम की जांच विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य अंतरराष्ट्रीय नियामक एजेंसियों ने पीने के पानी में यूरेनियम के लिए 30 माइक्रोग्राम प्रति लीटर का मानक निर्धारित किया है।

### प्रदूषण नियंत्रण मंडल नहीं करता परीक्षण

हालांकि भारत मानक ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए देश के राष्ट्रीय पेयजल मानकों में यूरेनियम शामिल नहीं है। राज्य का प्रदूषण नियंत्रण मंडल भी भूजल में यूरेनियम की मात्रा का परीक्षण नहीं करता है। प्रदेश में पानी में फ्लोराइड की अधिकता वाले 15 जिले प्रदेश में पानी में फ्लोइराइड की अधिकता वाले 15 जिले हैं। यहां राष्ट्रीय फ्लोराइड नियत्रंण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### इतनी मात्रा हो जाती है सेहत के लिए घातक

पानी में 1.1 पीपीएम यानी पार्ट पर मिलियन मात्रा फ्लोराइड की पाए जाने पर वह मानव शरीर के लिए हानिकारक हो जाती है। इससे खास तौर पर बच्चों के दांत और हड्डियों में फ्लोरोसिस नामक बीमारी हो जाती है। इसमें सबसे ज्यादा बच्चे ही प्रभावित हो रहे हैं।

**प्रबुद्धजनों से चर्चा** | मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट पर प्रबुद्धजनों से चर्चा की

# जो कांग्रेसी कभी राम जी को काल्पनिक मानते थे, वे आज कथाएं करा रहे

**मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश इन दिनों प्रगति के नए आयामों को छू रहा है**

**भोपाल,यश भारत।** जो कांग्रेस भगवान राम को काल्पनिक कहती थी जो कांग्रेस नेता राम जी का नाम लेने से परहेज करते थे वहीं कांग्रेसी (कमल नाथ) आज राम कथा, हनुमान कथा करवा रहे हैं। कांग्रेस नेता यह सब कुछ चुनाव के लिए करवा रहे हैं। यह कांग्रेस की चुनावी भक्ति है। उनके अंदर ही अंदर अंतर्द्वंद मचा हुआ है। यह बातें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने को कही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट पर प्रबुद्धजनों से चर्चा कर रहे थे।

### प्रगति के नए अध्याय लिख रहा प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश इन दिनों प्रगति के नए आयामों को छू रहा है। प्रदेश में विकास पर्व चल रहा है। लगातार लोकार्पण और शिलान्यास हो रहे हैं।सीएम शिवराज ने कहा कि अब तक 7245 करोड़ की 15 सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। 36348 करोड़ रुपए की 13 सिंचाई योजनाओं का भूमि पूजन किया गया है। 83 सीएम राइज स्कूलों का प्रारंभ हो रहा है। नए स्वीकृत मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास का कार्यक्रम हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क निर्माण के 21900 करोड़ रुपए के 1207 कार्यों का भूमि पूजन भी संपन्न हो रहा है। अमृत योजना के अंतर्गत शहरी पेयजल परियोजनाओं के लिए 3000 करोड रुपए की राशि खर्च की जा रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 28471 करोड रुपए के 15450 समूह पेयजल परियोजनाओं का भूमि पूजन जैसे अनेक विकास के काम किए जा रहे हैं।

### फिर विकास की सौगात देने आ रहे प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी पूरे प्रदेश में संत रविदास समरसता यात्राएं चल रही है। आपको ध्यान होगा संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर सागर में ही आयोजित कार्यक्रम में हमने यह घोषित किया था कि सागर जिले में सागर के पास बडतुमा में संत रविदास जी का लगभग 100 करोड रुपए की लागत का भव्य मंदिर विशाल स्मारक बनेगा। 12 तारीख को ही सागर बडतुमा में होगा। वही संत रविदास जी के स्मारक का भूमि पूजन करने स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं।

### कांग्रेस कंफ्यूज है, मजबूर है

कमलनाथ द्वारा छिंदवाड़ा में कराई जा रही कथा पर चुटकी लेते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जो लोग कभी राम भगवान का नाम लेने से परहेज करते थे, काल्पनिक मानते थे। आज वो कथाएं करा रहे हैं। अब यह करने के लिए मजबूर हैं क्योंकि चुनाव आ रहे हैं। यह कांग्रेस की चुनावी भक्ति है। उनके अंदर ही अंदर अंतर्द्वंद मचा हुआ है। कमल नाथ सोच रहे हैं, मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं; बड़ी मुश्किल है किधर जाऊं..?

### मुख्यमंत्री के चेहरे पर घिरे हैं कमल नाथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो उनके एक नेता ने ही कह दिया है, कि मुख्यमंत्री कौन बनना चाहिए? उनके तो नेता होने पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। अब मुझे लग रहा है कि वह नेता का दावा पुख्ता करने के लिए कथाओं के आयोजन में भी लग गए है।

### राहुल को खुद पर विश्वास नहीं

सीएम शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी को अपने आप पर विश्वास नहीं है। वो अविश्वास प्रस्ताव लाए थे और बोलते हुए जिस तरह की हरकत राहुल जी ने की थी। अब उसका मैं वर्णन नहीं कर सकता। उसका गवाह पूरा देश था। इस अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस भी जानती है, कोई दम नहीं है। देश का विश्वास नरेंद्र मोदी में है। जो अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं उनका सबसे ज्यादा अविश्वास एक दूसरे पर ही है।

### विकास की फैक्ट्री बना मध्य प्रदेश

प्रदेश के विकास के बारे में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में बीपीसीएल की रिफाइनरी 2011 से कार्यरत है। अब उसका विस्तारीकरण करके पेट्रोकेमिकल का निर्माण भी किया जाएगा। बीपीसीएल इस परियोजना पर लगभग 50 हजार करोड़ रूपया खर्च करेगी। मध्य प्रदेश सरकार से कई टैक्स में छूट और सुविधाएं जो बीपीसीएल ने मांगी थी, वह हमने सारी दे दी है।

## » न्यूज गैलरी

### कृषकों के बीमाकंन हेतु रोजगार सहायकों को कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ2023 मौसम के लिये कृषकों की अधिसूचित फसलो का बीमा किया जा रहा है। अऋणी कृषकों का फसल बीमा सी.एस.सी. नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से भी किया जाता है। फसलो के बीमा का प्रीमियम नामे करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जनपद पंचायतों के समस्त मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को अधिकाधिक अऋणी कृषकों को फसल बीमा के दायरे में लाकर योजना से लाभान्वित करने के उद्देश्य से नजदीकी सी.एस.सी. नागरिक सेवा केन्द्र में अऋणी कृषको का बीमा करवानें हेतु रोजगार सहायको को निर्देशित करनें संबंधी आदेश जारी किया है। शासन आदेशानुसार रोजगार सहायक को सी.एस.सी. के कमीशन में से प्रति सफल कृषक एन्ट्री पर निश्चित राशि प्रोत्साहन के रूप में भुगतान की जावेगी।

### तीन दिवसीय अन्न उत्सव का आयोजन 10 से 12 तक

**कटनी,यशभारत।** अन्न उत्सव के आयोजन के दौरान 10 से 12 अगस्त तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न उचित मूल्य दुकान से शासकीय कर्मचारियों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने एवं वितरण व्यवस्था की पर्याप्त मॉनीटरिंग के लिए करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए है। जिला आपूर्ति अधिकारी जिला कटनी ने जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव का आयोजन सुनिश्चित करने हेतु पूर्व में नियुक्त नोडल अधिकारी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में सामग्री का वितरण सुनिश्चित करानें एवं हितग्राहियों की ई के.वाय सी एवं मोबाइल सीडिंग कराना भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। जिला आपूर्ति अधिकारी नें समग्री वितरण हेतु प्रत्येक दुकानों में पी.ओ.एस मशीन उपलब्ध एवं चालू हालत में रखने, माह अगस्त 2023 के आवंटन अनुसार अधिक से अधिक हितग्राहियों को आमंत्रित कर एन.एफएस.ए योजना का खाद्यान एवं अन्य सामग्री का उचित मूल्य की दुकानों से कराने, अन्न उत्सव के दौरान जनप्रतिनिधियों, सर्तकता समिति के सदस्यों एवं दीनदयाल अन्त्योदय समिति के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए है।

### जिले में अब तक 697.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज



**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 7 अगस्त की प्रातः तक की अवधि तक कुल 697.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 336.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 360.8 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 652.6 मिलीमीटर, रीठी में 740.5 मिली मीटर, बड़वारा में 659.0 मिलीमीटर, बरही में 572.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 517.5 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 591.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 916.1 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 788.2 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

### भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिये 17 तक लिए जाएंगे ऑनलाईन आवेदन

**कटनी,यशभारत।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिये आवेदन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है, जिसमें ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2023 है। ऑनलाइन परीक्षा दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को होगी। इच्छुक आवेदक फ्त्व्वकम वेबसाइट पर जाकर भर्ती से सबंधित विवरण देख सकते है एवं अपना पंजीयन करा सकते है। उन्होंने बताया कि ऐसे युवा जिनका जन्म दिनांक 27 जून 2003 से 27 दिसम्बर 2006 के मध्य है, वह आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने के पात्र होंगे। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती संबंधित जानकारी क्यूआर कोड अथवा वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है एवं सबंधित लिंक एम. पी. रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

# प्रशासन ने तलब की स्कूल परिसरों में होने वाले अतिक्रमण की जानकारी

## समय -सीमा बैठक मे विभिागों के कार्यो की समीक्षा दौरान कलेक्टर ने अफसरों को दिए निर्देश



**कटनी,यशभारत।** शासकीय योजनाओं मे अपेक्षित प्रगति लाने एवं आमजन से जुडी योजनाओं का परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के उद्धेश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा समय सीमा की बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की जाकर उपस्थित अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते की मौजूदगी रही। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने अपने- अपने विभाग की शासकीय परिसंपत्तियों को चिन्हित कर उनकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनें के साथ ही जिन विभागों द्वारा अभी तक आई.डी पासवर्ड नहीं बनाया गया गया है उन्हे इस हेतु शीघ्र ही कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि शासकीय परिसंपत्तियों की फीडिंग पोर्टल पर हो जाने के पश्चात् भविष्य में आपके विभाग की संपत्तियों पर अतिक्रमण संबंधी समस्या नहीं रहेगी तथा विभाग के पास भी अपनी संपत्तियों की जानकारी रहेगी।

### लंबित न्यायालयीन प्रकरणों पर करें कार्रवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बैठक में नगर निगम, उर्जा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि उपज मंडी, जिला पंचायत के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों पर विभागीय अधिकारियों को एवं राजस्व मामलों के लंबित प्रकरणों पर जवाबदावा प्रस्तुत करनें के निर्देश संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए गए। न्यायालयीन अवमानना के प्रकरणों की अद्यतन जानकारी की समीक्षा उपरांत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही करने व इस कार्य हेतु पटवारियों की टीम तैयार करनें के साथ ही तहसीलदार रीठी, बड़वारा एवं कटनी ग्रामीण को जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मानव अधिकार आयोग, मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग भोपाल, अनुसूचित जाति जन जाति आयोग, ई.ओ.डब्ल्यू से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करनें हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### शासकीय स्कूलों से अतिक्रमण हटाएं

जिला एवं खण्ड स्तरीय कार्यालयों से प्राप्त स्कूल परिसरों में अतिक्रमण की शिकायतों पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के शालाओं का निरीक्षण करें और शाला परिसर में अतिक्रमण होने की जानकारी संधारित करें। इस सूची के आधार पर संबंधित क्षेत्र के एस.डी.एम. प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। बैठक में आयुष्मान योजनांतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डो की अद्यतन जानकारी ली जाकर इस कार्य हेतु आशा कार्यकर्ताओं को संलग्न करते हुए कार्य में प्रगति लानें के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। गायत्री नगर अंडर ब्रिज में जलभराव की समस्या के निदान हेतु नगर निगम सहायक यंत्री सुनील सिंह को आसपास के प्लाटिंग स्थलों का मौका मुआयना करते हुए जानकारी आगामी बैठक में प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पी.आई.यू के उपयंत्री पर नाराजगी व्यक्त की जाकर निर्माण कार्यो में गुणवत्ता लानें हेतु कलेकटर श्री प्रसाद द्वारा निद्रेशित किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद नें हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक शासकसीय कार्यालयों एवं ब्लॉक लेबल कायालयों में झंडा फहराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने राशन फमियाओं के एफआई.आर वाले प्रकरणों में वसूली की कार्यवाही में गति लानें, सोसायटी में रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, बरही सी.एम.ओ को 31 दिसंबर 2022 तक अस्तित्व में आई अनाधिकृत कॉलोनियों की अधिसूचना जारी करने, स्थाई पट्टों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने तथा राजसात वाहनों की नीलामी करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक के दौरान डिप्टी कलेक्टर द्वय श्री राकेश चौरसिया, प्रमोद चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, खनिज अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला ई गवर्नेंस अधिकारी एवं लोक सेवा के जिला प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# बदले गए 29 ट्रांसफार्मर

**कटनी,यशभारत।** शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के उपभोक्ताओं एवं किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में बंद एवं खराब ट्रांसफार्मरों को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी कटनी द्वारा बदलने की कार्यवाही की जा रही है। अधीक्षण अभियंता ( संचा-संघा) वृत्त मो0 अयूब खान द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में बारिश के बाद भी रविवार को विभाग द्वारा विभिन्न स्थलों के 29 ट्रांसफार्मरों को बदलने की कार्यवाही की गई।

### इन स्थलों के बदले गए ट्रांसफार्मर

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि रविवार को कैमोर उपसंभाग अंतर्गत बरही वितरण केन्द्र के वार्ड कमांक 15 में 100 केव्हीए का 01 एवं 25 केव्हीए का 02 एवं ग्राम मोहनी में 100 केव्हीए का 01 एवं 25 केव्हीए के 02 एवं बरही वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम लुरमी में 25 केव्हीए के 3 कुल 9 ट्रांसफार्मर बदली किये गये।



इसी प्रकार रलीमनाबाद उपसंभाग अंतर्गत ढीमरखेड़ा वितरण केन्द्र के ग्राम पिण्डरई, सगौना, कटरा में 25 केव्हीए 03 एवं मत्तभोना में 100 केव्हीए के 01 स्लीमनाबाद वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम महाराजपुर पडवार 25 केव्हीए का 01, बचौया वितरण केन्द्र के ग्राम खड़रारा में 25 केव्हीए का 01, बहोरीबन्द वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम धूरी में 100 केव्हीए का 01 एवं 25 केव्हीए का 01 ग्राम कौडिया में 25 केव्ही का 01 ग्राम कुआं में 25 केव्हीए का 01 एवं बाकल वितरण केन्द्र के 25 केव्हीए के 02 कुल 13 नग ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही आरईएस उपसंभाग कटनी अंतर्गत रीठी वितरण केन्द्र के ग्राम देवरीकला में 100 केव्हीए का 01 अमाड़ी वितरण केन्द्र के ग्राम मुडेहरा में 25 केव्हीए का 01 ग्राम पडवई में 25 केव्हीए का 01 ग्राम सतवारा में 25 केव्हीए का 01 बडवारा वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम देवरीहटाई, सलैया एवं बछोली में 25 केव्हीए के 03 कुल 07 ट्रांसफार्मर बदलनेकी कार्यवाही की गई। वर्तमान में कटनी जिले में विद्युत कम्पनी द्वारा किसानों को पर्याप्त एवं निर्वाध बिजली देने के पुख्ता इंतजाम किये गये। इसके साथ ही पम्प उपभोक्ता जिनके ट्रांसफार्मर खराब है उनके द्वाराफार्मर भी तीन दिवस के अंदर वरीयता क्रम में बदलने की कार्यवाही की जा रही है। रविवार को 29 ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही के साथ ही माह अप्रेल से अब तक कुल 548 ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की जा चुकी है उक्त कार्यवाही सतत् रूप से क्रियाशील रहेगी।

# विपणन अधिकारी एवं एमपी एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में नागरिक सुविधा केन्द्र स्थापित करने के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** जिला विपणन अधिकारी एवं एम.पी.एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में अऋणी कृषक नगद उर्वरक क्रय करने आते आते है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला विपणन अधिकारी एवं एम0पी0 एग्रो के 7 उर्वरक विक्रय केन्द्रों में कृषकों की फसलों के बीमा प्रीमियम नामे करने हेतु नजदीकी सी.एस.सी नागरिक सुविधा केन्द्र का एक केन्द्र स्थापित करने के आदेश जारी किये है।

### उर्वरक विक्रय केंन्द्र में फसल बीमा कराने हेतु सी.एस.सी का विवरण

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिन जिला विपणन अधिकारी एवं एम.पी.एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र मे फसल बीमा कराने के लिए केन्द्र स्थापित करने हेतु सी.एस.सी अनुसार उर्वरक विक्रय केन्द्र डॅबल लॉक केन्द्र कटनी कुठला थाना के सामने हेतु वी.एल.ई सुश्री पलक अग्रवाल, जनपद कार्यालय बहोरीबंद के पास डबल लॉक केन्द्र बहोरीबंद हेतु वीरेन्द्र कुमार, पीएसीएस स्लीमनाबाद उर्वरक विक्रय केन्द्र स्लीमनाबाद हेतु अभिषेक कुमार हल्दकार, कृषि उपज मंडी कटनी के एम.पी.एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र हेतु आशीष श्रीवास, उपकृषि उपज मंडी बरही के एम.पी.एग्रो उर्वरक विक्रय केन्द्र हेतु ओमप्रकाश मिश्रा, कृषि उपज मंडी कटनी विपणन सहकारी समिति हेतु मनीष सिंह, उमरियापान ढीमरखेडा स्थित विपणन सहकारी समिति उमरियापान हेतु वी.एल.ई अजीत कुमार पाण्डेय को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने समस्त सी.एस.सी केन्द्रों को उर्वरक विक्रय केन्द्रों में कृषकों के फसल बीमा कराने हेतु आवश्यक सुविधा के साथ केन्द्र स्थापित कर कृषकों का फसल बीमा करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफफसल 2023 के लिए कृषकों की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित है। इस हेतु अऋणी कृषक नागरिक सेवा केन्द्र सी.एस.सी के माध्यम से भी अपनी फसलों का बीमा करा सकते है।

# भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव





### उमरियापान की कृषि मंडी में चल रहा भव्य कथा का आयोजन

**उमरियापानए यशभारत।** उमरियापान की कृषि मंडी में 3 अगस्त से संगीतमय सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीमदभागवत कथा पंडित दयानंद तिवारी कु?वा वाले गुरूजी के सानिध्य में एवं ब?ी माई के आशीर्वाद से कथा व्यास रोहित महाराज के मुखार बिंद से रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभु की लीलाओं की अमृत वर्षा की जा रही है। जिसमें माताएंए बहनेए बुजुर्गए युवा श्रद्धालुओं ब?ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। कल 6 अगस्त चतुर्थ दिवस को यजमान सगे भाई धरमदास चौरसिया और गागा चौरसिया के निवास से परिजन एवं नात रिश्तेदार शाम 6 बजे ढोल धमाल की धुन में थिरकते हुए पलना लेकर कथा स्थल पर पहुंचे। शाम 7 बजे से कृष्ण जन्मोत्सव अपार भक्तिभाव से मनाया गया। इस दौरान पर नंद के आनंद भयोए जय कन्हैयालाल की सहित सोहर गीत जैसे ही गाए बजाए गए माताएंए बहनेए बुजुर्गए युवा श्रद्धालु अपने आपको थिरकने से नहीं रोक पाए और जमकर थिरतके नजर आए। इस दौरान ऐसा लगा मानो साक्षत कृष्ण भगवान उमरियापान की धरा पर प्रगट हो गए हों।

### जीवंत झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर कई जीवंत झांकियां प्रस्तुत की गई जिसमें कपडा दुकान के संचालक प्रकाश असाटी वासुदेव बने तो वहीं उनकी पत्नी देवकी बनी नजर आई। जीवंत झांकियों को हर श्रद्धालु एक नजर निहारते नजर आया। इस दौरान न न प्रकार के व्यंजनों से बनी प्रसाद एवं हरीरा सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। रविवार के दिन साप्ताहिक बाजार होने के कारण शाम 5 बजे से स्वादिष्ट खीर का लगातार वितरण किया गया था। इस अवसर पर माताएंए बहनोंए युवाए बुजुर्ग श्रृद्धालुओं की ब?ी संख्या में उपस्थिति रही है। वहीं पंडित दयानंद तिवारी कु?वा वाले गुरूजी के रोजाना कथा स्थल पर पहुंचने से सभी श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कथा का समापन 10 अगस्त को हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारा के साथ संपन्न होगा। आयोजक समिति समस्त शिष्य मंडल एवं भगतगणों ने क्षेत्र की धर्मप्रिय जनता से कथा में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# भंडारे के साथ हुआ शिव महापुराण का समापन, हजारों लोगों ने किया हवन, पूजन, मध्यरात्रि तक चला देवी जागरण







**कटनी,यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र एसकेपी शिवमंदिर में गत दिवस सम्पन्न हुई शिवपुराण कथा के समापन के दूसरे दिन हजारों शिवभक्तों द्वारा आयोजित हवन-भंडारे में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। दोपहर 1 बजे से रात्रि 12 बजे तक चल रहे भंडारे में हजारों शिवभक्तों ने भोलेनाथ का प्रसाद प्राप्त करने हेतु लंबी लंबी पंक्तियों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुये आयोजित विशाल भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के प्रमुख मनोज गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि आयोजक मंडल के सदस्य वीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, विवेक पांडेय गोल्डन, मनोज गुप्ता, प्रभात तिवारी, लाला शुक्ला, अमित पिल्लै, संतोष श्रीवास्तव, राजेश शान भाई, अनिल सिंह, अर्जुन अहिरवार, मार्तंड सिंह राजपूत, शुभम प्यासी, सोनू शुक्ला, रविकांत प्यासी, विजय बक्सरे, राकेश गोस्वामी, उपमन्यु मिश्रा, संजय मौर्य, लालजी तिवारी, बल्लू तिवारी, नरेंद्र गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, चिंटू सेन, महेंद्र सोनी आदि ने दिन रात एक करके सात दिवसीय कथा को ऐतिहासिक बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोडे। सभीआगंतुकों का आयोजक मंडल द्वारा पूरे सम्मान के साथ उनके साथ सद्व्योहार की चर्चा दूर दूर तकहै। रात्रि में शिवजागरण का कार्यक्रम भजन मंडली के सदस्यों द्वारा पूरी रात जनता जनार्दन के समक्ष समा बांध कर प्रस्तुत किया गया। व्यास पीठ पर विराजमान महंत श्री सीताराम शरण जी महाराज द्वारा सुनाई गयी सात दिवसीय कथा का श्रवण करने वाले भक्तों के ह्रदय और मन में गुरुदेव महाराज द्वारा छो?ी गयी अमिट छाप की चर्चा इन दिनों घर घर में हो रही है। यही वजह है कि जनता जनार्दन द्वारा क्षेत्रीय वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता से हर वर्ष पवित्र श्रावण मास में इस तरह की कथा का प्रतिवर्ष आयोजन कराने की अपील की गयी है। कार्यक्रम की समाप्ति पर गुरुदेव की अमृतमयी वाणी से पवित्र हुये लोगों के सच्चे ह्रदय और मन से लोग अपना नया जीवन शुरुआत करने की विचार धारा को पालकर छलए छिद्र एकपट एपाखंड को दक्षिणा स्वरूप गुरुदेव के चरणों में अर्पित कर चुके हैं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच छात्र संघ की नई परिषद ने ली शपथ



**कटनी,यशभारत।** डीपीएस में छात्र संघ की नवीन परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती जूही जैन जी एवं सह निर्देशक अनुज जैन की उपस्थिति थी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती जूही जैन एवं विशिष्ट अतिथि अनुज जैन को पुष्प गुच्छ अर्पित कर उनका स्वागत किया। इसी क्रम में डीपीएस के म्यूजिकल ग्रुप ने स्वागत गीत पेश कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 हेतु शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारी शायना खान प्रेसिडेंट, अर्णव जैन वाइस प्रेसिडेंट, शैली राव प्राइम मिनिस्टर, तनिष द्विवेदी डिप्यूटी प्राइममिनिस्टर रैड हाउस कैप्टन महेन्द्र सिंह, वाइस कैप्टन सनातन यादव, यलो हाउस कैप्टन शुभ मिश्रा, वाइस कैप्टन सिराज खान, ब्लू हाउस कैप्टन आर्यन सिंह, वाइस कैप्टन सक्षम पुरवार, ग्रीन हाउस कैप्टन सुप्रिया झा, वाइस कैप्टन कल्पना शर्मा, स्पोर्टस इंचार्ज सूजल वंशकार, डिप्यूटी स्पो. इं. अक्षत यादव, कल्चरल इंचार्ज प्रेरणा सिंह, डिप्यूटी कल्चरल इंचार्ज प्रथा सरावगी, म्यूजिक इंचार्ज श्रेया यादव, डिप्यूटी म्यूजिक इंचार्ज जैनेन्द्र रजक, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज आसुतोष सिंह, डिप्यूटी ट्रांसपोर्ट इंचार्ज तालिब खान, डिसिप्लिन इंचार्ज राज दुबे एवं अविनाश पंजवानी, डिप्यूटी डिसिप्लिन इंचार्ज प्रांजली चंद्रा एवं सौम्या गट्टानीए असेम्बली इंचार्ज सृष्टि गुप्ता, डिप्यूटी असेम्बली इंचार्ज पूर्वी खरे, आर्ट एण्ड क्राफ्ट मिनिस्टर सुजय गिरि, डिप्यूटी आर्ट एण्ड क्राफ्ट मिनिस्टर वर्तिका जैन एवं युवराज गुप्ता तो वहीं जूनियर्स ग्रुप में प्राइमरी हैड ब्वॉय आरुष जैन, डिप्यूटी प्रा. हैड ब्वॉय रोशन जादवानी, प्राइमरी हैड गर्ल. नताली बगड़िया, डिप्यूटी प्राइमरी हैड गर्ल आराध्या श्रीवास्तव, प्राइमरी रैड हाउस कैप्टन हार्दिक यादव वाइस कैप्टन पार्श्व चौधरी, ग्रीन हाउस कैप्टन आर्शिया गलानी, वाइस कैप्टन हितांशी खटवानी, ब्लू हाउस कैप्टन सम्यक गुप्ता, वाइस कैप्टन नंदिनी लहरिया, यलो हाउस कैप्टनआर्या असरानी, वाइस कैप्टन रक्शान खान, डिसिप्लिन इंचार्ज अमिषि अग्रवाल, डिप्यूटी डिसिप्लिन इंचार्ज अमित सितलानी, असेम्बली इंचार्ज आर्या चंद्रा, डि. असे. इंचार्ज काव्या रोहरा, अनंत खेड़िया, स्पोर्ट्स इंचार्ज शुभ जैन, डिप्यूटी स्पोर्टस इंचार्ज उमेश सितलानी आदि ने शपथ ग्रहण कर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर ने सभी पदाधिकारियों को बधाइयाँ दीं। कार्यक्रम में प्रस्तुतिकर्ता की भूमिका सुश्री प्राची गनवानी एवं अभिषेक मिश्रा ने निभाई तो वहीं शहजादा, विनीता घनशानी, आशिद, नेहा श्रीवास्तव, साक्षी, समृद्ध, रिंकू, रिचा, रजत ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनूप सिंह ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडगांव को गंभीर अनियमितता बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में स्पष्टीकरण का जवाब समक्ष उपस्थित होकर देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संतोषप्रद जवाब न मिलने की दशा में मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय है कि गत 24 जुलाई को रीठी विकासखंड के ग्राम नयाखेड़ा में भ्रमण के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद से स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी प्राचार्य के गैरजिम्मेदाराना कृत्य के संबंध में शिकायत करते हुए बताया था शासकीय प्राथमिक शाला नयाखेड़ा में पदस्थ शिक्षकों की वास्तविक स्थिति शिक्षा पोर्टल पर अपडेट नहीं होने के कारण पिछले 10 वर्षो पूर्व पदस्थ शिक्षक आज भी पोर्टल में विद्यालय में पदस्थ दिखाई दे रहे हैं। जिसके कारण रिक्त पड़े पदों पर नवीन पदस्थापना नहीं हो पा रही। जिससे विद्यार्थियों की शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। प्रभारी प्राचार्य के इस गैर जिम्मेदाराना और लापरवाही पूर्ण कृत्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित प्रभारी प्राचार्य अनूप सिंह ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देशित किया था।

# वनडे की तैयारी के बीच टी20 टीम ने भी बढ़ाई टेंशन, गिल-किशन की जोड़ी ने खड़े किए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईशान किशन और शुभमन गिल की जोड़ी लगातार रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में पारी की शुरुआत कर रही है। पर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे को छोड़कर लगातार इस जोड़ी ने निराश किया है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के दौरे पर गई तो वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से थी। लेकिन ना ही इस दौरे पर ढंग से वर्ल्ड कप की टीम तैयार हुई, उल्टा अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए। जैसे–तैसे 2–1 से वनडे सीरीज जीतने के बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया 2–0 से पिछड़ रही है। पहला टी20 वेस्टइंडीज ने 4 रनों से जीता था। उसके बाद दूसरे टी20 में भी मेजबान टीम ने 2 विकेट से जीत अपने नाम कर ली। अब तीसरा टी20 जो गुयाना में ही खेला जाएगा वो टीम इंडिया के लिए करो या मरो की जंग है। लेकिन उससे पहले वनडे को अगर साइड में करके टी20 की ओर देखें तो ओपनिंग जोड़ी ने भारत के लिए चिंताएं बढ़ा दी हैं।



## बेहद खराब हैं गिल और किशन के आंकड़े

दरअसल शुभमन गिल और ईशान किशन के आंकड़ों ने टीम इंडिया की टेंशन बढ़ा दी है। इस जोड़ी ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर अभी तक भारत के लिए कुल एकसाथ 19 मैचों में 679 रन ही जोड़े हैं। वहीं अगर टी20 इंटरनेशनल में ओपनिंग करते हुए इनका रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में इस जोड़ी ने भारत के लिए अभी तक 8 मैचों में पारी की शुरुआत की और 100 रन कुल मिलाकर भी नहीं बना पाई। इस जोड़ी के आंकड़े कुछ ऐसे हैं; 27, 12, 3, 10, 17, 7, 5, 16; यानी 8 पारियों में इस जोड़ी ने सिर्फ 97 रन जोड़े हैं। इन आंकड़ों ने टीम मैनेजमेंट को जरूर सोचने पर मजबूर कर दिया है। सबसे बड़ा सवाल जो खड़ा हो रहा है वो अब यह है कि क्या यशस्वी जायसवाल जो टीम के साथ मौजूद हैं उन्हें बतौर ओपनर मौका मिलेगा या नहीं। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी ने शानदार शुरुआत की थी। अभी व्हाइट बॉल में उन्हें डेब्यू का इंतजार है।

टी20 से पहले हुई वनडे सीरीज के पहले दो मुकाबलों में फ्लॉप होने के बाद तीसरे वनडे में इस जोड़ी ने शानदार शुरुआत की थी। उस मैच में ईशान किशन ने 77 और शुभमन गिल ने 85 रन बनाए थे। लेकिन उसके बाद टी20 सीरीज में फिर से शुरुआती दोनों मैचों में यह जोड़ी फ्लॉप हो गई। पहले मैच में दोनों ने सिर्फ 5 रन जोड़े और दूसरे मैच में भी 16 रन पर ही पहला विकेट गंवा दिया। अभी तक दोनों मैचों में फ्लॉप रही इस जोड़ी के भविष्य पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। रोहित शर्मा और केएल राहुल, वर्ल्ड कप की इस ओपनिंग जोड़ी ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद कोई भी टी20 इंटरनेशनल नहीं खेला है।

### वनडे के बाद टी20 में भी टेंशन

वनडे सीरीज के बाद जहां टीम इंडिया की आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों पर सवाल उठे थे। उसके बाद अब टी20 सीरीज के शुरुआती दो मैचों में ही टी20 वर्ल्ड कप के विजन 2024 के लिए भी सवाल उठने लगे हैं। हार्दिक पांड्या की अगुआई में लगातार टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद वेस्टइंडीज और यूएस की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए तैयारियां शुरू कर दी थीं। लेकिन तकरीबन 10 महीनों पहले टीम की तैयारियों की पोल खुल गई है। भारत के युवा खिलाड़ी ना ही प्रेशर से निपट पा रहे और ना ही स्लो व टर्निंग ट्रैक की चुनौतियों से। खासतौर से रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना कैरेबियन लैंड में भारतीय टीम पूरी तरह फिसड्डी नजर आ रही है। ऐसे में यह ही सवाल उठता है कि क्या वनडे वर्ल्ड कप के बाद यह दिग्गज खिलाड़ी फिर से टी20 का रुख करेंगे या फिर अब ईशान, शुभमन, यशस्वी और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों का युग शुरू हो चुका है।



# सिर्फ 5 दिन में संन्यास से वापस लौटा ये खिलाड़ी, क्रिकेट जगत को कर दिया हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेल चुके बंगाल के बल्लेबाज मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से 3 अगस्त को संन्यास का ऐलान कर दिया था। लेकिन मंगलवार 8 अगस्त को इस खिलाड़ी ने अपना रिटायरमेंट वापस ले लिया। तिवारी ने 2015 के बाद से भारत के लिए कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला था। उन्होंने अपने रिटायरमेंट वापस लेने की खबर ट्विटर पर देर रात फैंस को दी।

### वापस लिया रिटायरमेंट का फैसला

बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपना फैसला बदलने का मन बनाया है और वह रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने के लिए एक और प्रयास करना चाहते हैं। दो बार की चैंपियन बंगाल पिछले तीन सीजन में दो बार रणजी फाइनल में पहुंची है, लेकिन टीम 1989-90 की सफलता को दोहराने में विफल रही। तिवारी की अगुवाई वाली बंगाल पिछले सीजन में घरेलू मैदान पर खेले गए फाइनल में खिताब जीतने की प्रबल दावेदार थी, लेकिन सौराष्ट्र ने 2019-20 सीजन के फाइनल के परिणाम को दोहराते हुए उन्हें 9 विकेट से हराया था।

### इसलिए वापस लिया रिटायरमेंट

तिवारी ने कहा कि पिछले सीजन में बंगाल की कप्तानी करके फाइनल में पहुंचना मेरे लिए गर्व का क्षण था। मैं खेल को अलविदा कहने से पहले एक बार और इस खिताब लिए जोर लगाना चाहता हूं। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि मैं अगले साल कोई और 'यू-टर्न' नहीं लूंगा। मैं बंगाल क्रिकेट को एक और साल देना चाहता हूं। मैं एक साल के लिए संन्यास से वापसी कर रहा हूं। बंगाल क्रिकेट ने मुझे सब कुछ दिया है। मैं एक आखिरी बार कोशिश करना चाहता हूं, चाहे वह एक खिलाड़ी के तौर पर हो या कप्तान के रूप में हो।

### शानदार रहा है करियर

मनोज तिवारी फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 10,000 रन के ऐतिहासिक रिकॉर्ड ( 9,908 रन ) तक पहुंचने से 92 रन पीछे हैं। उन्होंने अपने 19 साल के शानदार करियर में 29 शतकों के साथ 48.56 की औसत से रन बनाए हैं।

## एशिया कप में रोहित ध्वस्त करेंगे सचिन-अफरीदी का रिकॉर्ड! बस करना होगा ये बड़ा काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और श्रीलंका की धरती पर खेला जाएगा। इस बार एशिया कप में भारत अपना पहला मैच 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। एशिया कप से पहले टीम इंडिया को कोई वनडे मैच नहीं खेलना है। एशिया कप 2023 में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 3 बड़े रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। इनमें सचिन तेंदुलकर और शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड भी शामिल है।

### तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

भारत की तरफ से वनडे एशिया कप में सबसे ज्यादा 23 मैच सचिन तेंदुलकर ने खेले हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 22 मैच खेले हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उतरते ही वह सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर लेंगे। फिर टीम इंडिया 4 अगस्त को नेपाल के खिलाफ मैच खेलेगी। इस मैच में उतरते ही रोहित सचिन का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। एशिया कप के इतिहास में अभी तक सिर्फ दो बल्लेबाज ही 1000 से ज्यादा रन बना पाए हैं। इनमें सनथ जयसूर्या और कुमार संगाकारा के नाम शामिल हैं। वनडे एशिया कप में अभी तक रोहित शर्मा ने नाम 745 रन दर्ज हैं और उन्हें हजार रन पूरे करने के लिए 255 रनों की जरूरत है। टीम इंडिया एशिया कप में पहले पाकिस्तान और नेपाल से खेलेगी, जिससे उसका सुपर-4 में पहुंचना तय लग रहा है। सुपर-4 में तीन मुकाबले होंगे।

# ब्रेक लेना बुमराह के लिए होगा बेहद फायदेमंद, इस दिग्गज ने दिया ये चौंकाने वाला बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोट से उबर भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लंबे समय बाद वापसी की है। वह आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पिछले साल सितंबर से ही इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। अब वह फिट होकर टीम में लौट चुके हैं और उनकी कप्तानी में ही टीम इंडिया आयरलैंड दौरे पर तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। टीम मैनेजमेंट एशिया कप से पहले ये देखना चाहता है कि बुमराह आयरलैंड टूर पर किस तरह की गेंदबाजी करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने उन्हें लेकर बड़ी बात कही है।

### ग्लेन मैकग्रा ने कही ये बात

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि यह इस पर निर्भर करता है कि चोट कैसी है। मुझे लगता है कि वह ठीक होगा क्योंकि वह बेहतरीन गेंदबाज है। ब्रेक से उसे मदद मिलेगी, मुझे ऐसा लगता है। तेज गेंदबाजों को ब्रेक और समय की जरूरत होती है जिससे कि शरीर की ताकत वापस आ सके। यह इस पर निर्भर करता है कि उसने मैदान पर क्या काम किया है, कमर कैसी है और क्या उसने अपने एक्शन के साथ कुछ किया है। मुझे लगता है कि वह पहले भी इस स्थिति का सामना कर चुका है और इससे उबरा है।



ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा कि वह जो एनर्जी लगाता है, उसका शरीर पर असर पड़ता है। अगर वह मैदान पर पर्याप्त प्रयास करता है तो मुझे ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि वह अपनी पुरानी स्थिति पर नहीं लौट सके। उसके पास पर्याप्त अनुभव है। विश्व कप से पहले उसके पास खुद को परखने के लिए पर्याप्त मैच हैं। खेल से 11 महीने बाहर रहना लंबा समय है, उम्मीद करता हूं कि उसे वापसी के लिए कुछ ही मैच लगेंगे।

### इन गेंदबाजों की तारीफ की

ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि भारत के पास बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की अगुआई में शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक शानदार काम किया है। शमी अपने खेल को जानते हैं। उनके पास अच्छी गति है और वह गेंद को दोनों तरफ मूव करा सकते हैं। जहां तक ??बुमराह की बात है तो जाहिर तौर पर उसका रिकॉर्ड शानदार है। सिराज ने डेब्यू के बाद से शानदार काम किया है। मैं निश्चित रूप से उन्हें दुनिया में तेज गेंदबाजी आक्रमण के रूप में आंकता हूं।

## रंग संसार

# वाह सुष्मिता सेन वाह! ऐसी एक्टिंग, जिसे देख दूसरे एक्टर्स के भी छूट जाएंगे पसीने

**मुंबई, एजेंसी।** सुष्मिता सेन काफी समय से ताली को लेकर चर्चा में बनी हुई थी। अब इस वेब सीरीज का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अभिनेत्री सुष्मिता सेन की धमाकेदार सीरीज ताली का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर के सामने आते ही सुष्मिता का गौरी सावंत का किरदार सोशल मीडिया पर छा गया है। इस सीरीज में वह एक ट्रांसजेंडर के किरदार में नजर आएंगी। उनकी ताली की गूंज पूरे ट्रेलर में गूंज रही है। ट्रेलर में सुष्मिता सेन ट्रांसजेंडर गौरी सावंत की जिंदगी और उनके संघर्ष को दिखाती नजर आ रही हैं।



ट्रेलर में ट्रांसजेंडर गौरी सावंत का संघर्ष देख आपकी आंखें नम हो जाएंगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे सुष्मिता से गौरी के किरदार में समाज से अपने हक के लिए लड़ती है। वेब सीरीज ताली में देखने को मिलता है कि कैसे गौरी समाज से लड़कर वह अपनी पहचान सोशल वर्कर के रूप में बनाती हैं। सीरीज में एक्ट्रेस का पावरफुल अंदाज दिखाया गया है।

### ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल

ताली का ट्रेलर सुष्मिता सेन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस का लुक और तेवर देखकर आप भी इंप्रेस हो जाएंगे। ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, गौरी आ गई है, अपना स्वाभिमान, सम्मान और स्वतंत्रता की कहानी लेकर। सताली - बजाए! इस

### इस दिन रिलीज होगी सीरीज

रवि जाधव के निर्देशन में बनी ताली में सुष्मिता सेन, गौरी सावंत का रोल प्ले कर रही हैं। यह वेब सीरीज कोई फिक्शन नहीं बल्कि रियल लाइफ पर आधारित है। बता दें कि यह सीरीज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को रिलीज होगी। ताली को जियो सिनेमा पर मुफ्त में देखा जा सकता है।

# सनी देओल के बेटे जीते को इस वजह से मिला गदर में रोल

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म गदर- एक प्रेम कथा में तारा सिंह और सकीना की लव स्टोरी तो आप सब ने देखी होगी। फिल्म रिलीज के पहले ही सकीना और तारा सिंह हर तरफ छा चुके हैं कभी लुक को लेकर तो कभी प्रमोशन को लेकर। वहीं अब एक बार फिर से तारा सिंह और सकीना की लव स्टोरी गदर 2 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है, लेकिन क्या आपको पता है। फिल्म में जीते उर्फ उत्कर्ष शर्मा को इस फिल्म में सनी देओल उर्फ तारा सिंह और अमीषा पटेल उर्फ सकीना के बेटे का रोल कैसे मिला। जीते यानी उत्कर्ष ने इंडिया टीवी से खास बात चीत के दौरान इस बात का खुलासा किया है।

### सवाल-जवाब

**सवाल-** यू आर द ओनली एक्टर एक ही फिल्म में चाइल्ड आर्टिस्ट के बतौर और बतौर एडल्ट काम किया है। कहा जाता है कि अमीषा पटेल की वजह से आपको गदर में रोल मिल है?

**उत्कर्ष-** जी हां, जब गदर 1 के दौरान वह अपने कॉस्ट्यूम ट्रायल और डायलॉग्स रिहर्सल और सीन रिहर्सल के लिए घर आती थी। मैं तब से उन्हें जनता हूं हमेशा उनके साथ खेलता रहता था वो भी मुझे बहुत प्यार करती है। मैं भी इंतजार करता था कि वह घर पर आएंगी और मेरे साथ मस्ती करेंगी। फिल्म के लिए बच्चा नहीं मिल रहा था तो अमीषा जी ने ही सजेस्ट किया कि आप उत्कर्ष को क्यों नहीं ले लेते। आप अपने बेटे को ले लेंगे तो जो स्टंट करवाना है करवाइए। तो सब स्मूद हो जाएगा और फिल्म की रिलीज डेट का भी इशू नहीं होगा।



**सवाल-** आज 22 साल के बाद 27 साल के बेटे की मां बनने के लिए भी तैयार हो गई हैं

उत्कर्ष- किरदार 20 या 22 साल का है, लेकिन हां मैं एक एक्टर हूं और ये सब परफॉर्मेंस का खेल हैं और मैं बहुत ही ग्रेटफुल हूं अमीषा जी के साथ काम करके।

सवाल -सनी देओल से डरने की क्या वजह है

**उत्कर्ष -** अरे ढाई किलो का हाथ है उनका वह तो एक हाथ है दूसरा हाथ पांच किलों का होता तो बस उससे भी ज्यादा यह है कि वह एक प्रोफेशनल हैं। तो वे जब सेट पर आते हैं तो तो एक्सपेक्ट करते हैं कि सब तैयार रहें सीन के लिए। क्योंकि वह खुद भी तैयार होकर आते हैं और अपने कैरेक्टर में रहते हैं अपने इमोशंस में रहते हैं। तो क्या होता था कि कभी अगर अर्ली मॉर्निंग सूट होता था तो आधी यूनिट जो होती थी उसमें से कोई सो रहा है और कोई वेन के पीछे सो रहा है सनी सर जैसे ही आते हैं तो सब जाग उठते थ। जल्दी से सारा काम करने लगते थे। जितना काम पूरे दिन भर में नहीं करते थे उतना चार पांच मिनट में कर लेते हैं।

**सवाल-** वो लिगेसी जो है उसको आप आगे लेकर जा रहे हैं और उसने आपका किरदार बहुत नया है नई कहानी है और आप कहते हो इतनी चिचड़े करेगा इतनी चिचड़े करेगा बहुत ही कॉन्फिडेंस के साथ आप कहते हैं इसलिए इसको आगे लेकर जाना बहुत ही रिस्पांसिबिलिटी का काम है।

**जवाब-** खास करके जीते का जो किरदार था जो हमने गदर 1 में किया है की वह बच्चा फैमिली के लिए कुछ भी कर सकता है, और उसने जो देखा है वह जब पाकिस्तान इतनी यंग एज में चला गया अपने फादर के साथ अपनी मां के लिए तो अपनी मां के लिए भी बहुत प्रोटेक्टिव है।

# ओटीटी पर रिलीज हुई- प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ तरला दलाल की दिलचस्प कहानी

**मुंबई, एजेंसी।** हुमा कुरैशी की फिल्म तरला आज ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म सेलेब्रिटी शेफ तरला दलाल की जिंदगी पर आधारित है। तरला कहती थीं लाइफ में कुछ करना है... मगर क्या यह नहीं पता था। तरला के सपने को साकार करने में उनके पति का साथ रहा बेहद खास। हाउसवाइफ से हाउसहोल्ड नेम बन गई तरला दलाल और तरला दलाल की सक्सेस स्टोरी को हुमा कुरैशी ने पर्दे पर उतारा। उनकी फिल्म तरला किस तरह से एक सामान्य महिला की असामान्य कहानी को पर्दे पर उतारती है। आइए जानते हैं कैसी है ये फिल्म...

### कैसी है फिल्म की कहानी

तरला एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती है। कॉलेज खत्म होते ही घर पर शादी कि बातचीत शुरू हो जाती है। जब लड़के वाले उसे देखने आते हैं तब तरला ने अपना इरादा उनके सामने रखती है। तरला खाना बनाने में माहिर थी। चाय नाश्ता बनाते हुए तरला ने नलिन कुमार यानी



तरला के होने वाले पति वो कहते हुए सुना कि खाना बनाने वाले का इमोशन खाने वाले को मिल ही जाता है... तरला के लिए बस यह सोच ही काफी था। तरला की शादी टैक्सटाइल मिल मैनेजर नलिन (शारिब हाशमी) की शादी हो जाती है... तरला के पति कहते हैं कि तरला जीवन में जो भी करें वह उनके साथ खड़े हैं। खाना बनाने के अलावा उसे कुछ खास आता नहीं था। खाना तो हर औरत अपने घर पर बनाती है इसमें अलग क्या है मगर यही समझने में तरला को 12 साल लग गए और वह 3 बच्चों की मां भी बन गई। मगर कहते हैं ना जब जागो तभी सवेरा किसी भी काम के लिए कभी देर नहीं होती। तरला के साथ ऐसा ही हुआ। पड़ोसी की बेटी काव्या को खाना बनाना सिखाते हुए लोगों के बीच उसके जायकेदार खाने की तारीफ शुरू हो गई। कुकिंग क्लास चलाने के ऑफर आने लगे। घर पर खाना बनाना सिखाते हुए... रेसिपी बुक और फिर टीवी पर कुकरी शो तक पहुंच गई तरला। मगर जीवन का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता। तो पारिवारिक रिश्तो के उधेड़बुन से जूझते हुए किस तरह तरला का सपना साकार होता है, यही कहानी निर्देशक पीयूष गुप्ता ने बखूबी पर्दे पर उतारा है।







» न्यूज़ गैलरी

## आज और कल निरस्त रहेगी हमसफर एक्सप्रेस

**कटनी, यशभारत।** जबलपुर से संतरागाछी के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस आज 9 अगस्त व कल 10 अगस्त को निरस्त रहेगी। रेलवे ने ट्रेन को निरस्त करने का निर्णय दक्षिण पूर्व मध्य रेल के बिलासपुर मंडल में शक्ती रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग के कार्य के चलते लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक आज 9 अगस्त को संतरागाछी से जबलपुर के लिए चलने वाली गाड़ी संख्या 20828 संतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त की गई है। इसी कड़ी में कल 10 अगस्त को गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से भी निरस्त रहेगी।

### आज 9 अगस्त भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ: कटनी में मिला था व्यापक समर्थन

# कटनी में 700 क्रांतिकारियों ने दी थी गिरफ्तारियां

**कटनी,यशभारत।** अगस्त क्रांति की वर्षगांठ आज समूचा देश मना रहा है। कटनी के स्वतंत्रता सेनानियों ने भी इस दिन क्रांति का बिगुल फूंक दिया था। महात्मा गांधी की अगुवाई में शुरू हुए आंदोलन को कटनी में व्यापक समर्थन मिला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अगस्त 1930 की अपनी बंबई बैठक में देशभर में जंगल सत्याग्रह करना तय किया। कटनी तहसील की कांग्रेस कमेटी ने भी यह निर्णय लिया कि अब नमक सत्याग्रह और शराबबंदी की जगह जंगल सत्याग्रह चलाया जाएगा। कांग्रेस की ओर से सर्वप्रथम पं. नारायण दत्त शर्मा ने जंगल सत्याग्रह किया। उन्हें और उनके साथी मोतीलाल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। एक जत्था जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में मझगवां के जंगल में गया और वहाँ सत्याग्रह करने के बाद पूरा जत्था गिरफ्तार कर लिया गया। उधर अमरनाथ पाण्डेय ने अपने क्षेत्र में घूम-घूमकर जंगल सत्याग्रह का प्रचार किया और करेला, बरही, कुँआ सलैया, सिहोरा, पिपरियाकला, खितौली, सुतरी आदि गाँव के जंगल को काटकर सत्याग्रह किया। इस तरह से पूरी तहसील में जंगल सत्याग्रह दावानल की तरह फैल गया।

उन दिनों के ज्ञात इतिहास पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र सिंह ठाकुर बताते हैं कि आंदोलन के चलते स्थानीय पुलिस भी चौकस हो गई थी। जब पं. अमरनाथ पाण्डे, नारायण प्रसाद तिवारी एवं पूरनचंद



शर्मा जंगल सत्याग्रह से कटनी आए तब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अमरनाथ पाण्ड को 6 माह कारावास की सजा एवं 500 रूपये जुर्माना लगाया गया। कुछ समय पश्चात गया प्रसाद स्वर्णकार तथा अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बिलहरी में सत्यदेव शास्त्री एवं वंशीलाल ताम्रकार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बिलहरी के शिक्षक राष्ट्रवादी रामविशाल शर्मा श्विशाल ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से बड़ जन-जागरण किया। तहसील में जंगल सत्यागह इतने व्यापक रूप से चला कि कांग्रेस एवं भारत नवजवान सभा के 600 से 700 स्वयं सेवकों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जंगल काटकर सत्याग्रह किया। पुलिस ने पूरी तहसील में सघन अभियान चलाकर करीब 700 लोगों को कुल्हाड़ी सहित बंदी बनाया था। इन सभी को मुकदमा चलाने हेतु कटनी लाया गया जब उन्हें रेलगाड़ी से उतारकर पैदल ही कटनी नगर में प्रवेश कराया जा रहा था। तब संपूर्ण मार्ग में लोग कतारबद्ध होकर उनका स्वागत कर रहे थे। और इन राष्ट्रभक्ता की जय-जयकार से संपूर्ण मार्ग गुंजायमान था। महिलाएं इन वीरों को देखकर आँसू बहा रही थी और अंग्रेज शासन को कोस रही थीं। पुलिस ने इन सत्याग्रहियों को भूखे पेट ही लॉकअप में बंद कर दिया। अगले दिन सभी को अदालत में पेश किया गया जहाँ पर कुछ लोगों को सजा हुई और बहुत से लोग छोड़ दिए गए।



## मोटर बाइंडिंग दुकान में डेढ़ लाख की चोरी

### विजयराघवगढ़ के बरहटा में वारदात

**कटनी/विजयराघवगढ़, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बरहटा में मोटर वाइडिंग दुकान में डेढ़ लाख रूपए की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरहटा निवासी सुजीत पिता नत्थू प्रसाद सोनी की मोटर वाइडिंग दुकान में देररात अज्ञात चोरों ने धावा बोला और अंदर से 10 कंडेसर व 1 डिब्बा आईसीएल सहित लगभग डेढ़ लाख रूपए का सामान लेकर चंपत हो गए। गौरतलब है कि इसके पूर्व बदमाशों ने बरही में भी एक मोटर वाइडिंग की दुकान को निशाना बनाया था और यहां से भी लगभग एक लाख का सामान लेकर चंपत हुए थे। इसके बाद अब विजयराघवगढ़ में भी मोटर वाइडिंग दुकान का निशाना बनाया गया है। जिससे यह साफ होता है कि विजयराघवगढ़ व बरही थाना क्षेत्र में मोटर वाइडिंग दुकान को निशाना बनाने वाला चोर गिरोह सक्रिय है। वैसे भी बरसात के मौसम में क्षेत्र भर में चोरी की घटनाओं से ग्रामीण व नगर के लोग भी परेशान हैं। बीते दिनों विजयराघवगढ़ पुलिस ने मंदिरों को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़ कर उनसे लाखो का सामान बरामद किया था।

## अज्ञात युवकों ने यात्री को मारी चाकू

### मुड़वारा स्टेशन के पास लहूलुहान मिलने पर आटो चालक ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़वारा रेलवे स्टेशन के समीप एक यात्री पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। तीन अज्ञात बदमाशों के द्धारा युवक के पीठ में चाकू घोंप दी गई। युवक के पीठ में चाकू फंसने पर बदमाश वहां से चंपत हो गए। एक ऑटो चालक ने युवक को लहूलुहान हालत में पाने पर जिला अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के बुढ़ार थाना अंतर्गत ग्राम घुर्वे निवासी 27 वर्षीय नीरज पिता रुक्सार सिंह मुड़वारा स्टेशन के बाहर रात साढ़े 9 बजे के लगभग लहूलुहान हालत में मिला। अज्ञात बदमाशों ने युवक के पीठ में चाकू घोंप दी थी। ऑटो चालक ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि युवक बुढ़ार का रहने वाला है और मिशन चौक की ओर जाने वाले मार्ग में पड़ा मिला है। युवक के साथ लूट की घटना का भी अंदेशा बना हुआ है। थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि युवक पर हमला करने वाले तीन अज्ञात युवकों के विरूद्ध धारा 324, 34 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

# घटना के चार दिन बाद दूसरे युवक का भी शव बरामद

### सुमित्रा बिहार घुघरा वॉटर फॉल में बहे युवकों को तलाशने एनडीआरएफ का रेस्क्यू ऑपरेशन, गृहग्राम बड़ागांव में मातम

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत सुमित्रा बिहार घुघरा फाल के तेज बहाव में बहे दूसरे युवक का भी शव कल मंगलवार को चौथे दिन बरामद कर लिया गया। दोनों युवकों का शव मिलने के बाद ग्राम युवकों के गृहग्राम बड़ागांव में मातम छा गया है। मंगलवार को एनडीइआरएफ की टीम ने घटना के चौथे दिन अंडिया स्टॉप डैम व संगम पुल बिलहरी के बीच झाड़ियों में 35 वर्षीय अनिल यादव पिता रामेश्वर यादव के शव को भी तलाश लिया। यहीं से सोमवार को 32 वर्षीय सुदामा पिता नारायण यादव का शव एनडीइआरएफ की टीम ने निकाला था। गौरतलब है कि प्राकृतिक पर्यटन स्थल घुघराफाल में बीती शनिवार दोपहर करीब सवा तीन बजे ग्राम बड़ागांव निवासी 32 वर्षीय सुदामा पिता दीनदयाल यादव का पैर फिसल था। इसे बचाने के लिए 35 वर्षीय अनिल कुमार पिता रामेश्वर प्रसाद यादव भी फाल में उतर गया लेकिन तेज बहाव में दोनों युवक बह गए। सूचना मिलने के बाद से पुलिस व एसडीइआरएफकी टीम सर्चिंग अभियान चला रही है। रविवार को गोताखोरों की टीम ने नदी में नाव उतारकर रेस्क्यू करती रही लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं सोमवार को जबलपुर से एनडीइआएफकी टीम यहां पहुंची। डीप डाइवर्स ने गहन



रेस्क्यू पूरी नदी में शुरू किया। इसी दौरान घटना स्थल से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर नैगमा डैम के पास पेड़ के नीचे सुदामा यादव की लाश फंसी मिली। सुदामा की लाश मिलने के बाद एनडीआरएफ के गोताखोर अनिल की भी तलाश करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली और शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया। वहीं एनडीइआरएफ की टीम ने घटना के चौथे दिन अंडिया स्टॉप डैम व संगम पुल बिलहरी के बीच झाड़ियों में 35 वर्षीय अनिल यादव पिता रामेश्वर यादव के शव को भी तलाश लिया। बिलहरी चौकी प्रभारी अरुण पाल सिंह ने बताया कि शव को पुलिस ने कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भिजवाया गया। जिला अस्पताल में शव का पीएम कराया गया और इसके बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

### वसुधा वॉटर फॉल में बहे युवक का भी शव बरामद

रीठी थाना क्षेत्र के वसुधा फॉल में पानी में लगी काई में फिसलकर गिरे हाउसिंग बोर्ड इंद्राज्योति कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय अनुज साकेत पिता रामप्रसाद साकेत का शव एनडीइआरएफकी टीम ने खोज निकाला है। शव मिलते ही मौके पर मौजूद परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंपा है। उपनिरीक्षक विनोद पटेल ने बताया कि अनुज अपने अन्य पांच दोस्तों के साथ सोमवार को वाटर फाल देखने आया था। इसी दौरान पत्थर में काई लगी होने से फिसलकर गहरे पानी में चला गया और पानी में डूब गया था। अनुज जबलपुर के निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था।

### तालाब में मिला पूर्व सरपंच का शव

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम झिर्री में मंगलवार सुबह पूर्व सरपंच 45 वर्षीय शिवपाल सिंह अपने परिचितों के साथ तालाब में नहाने गए थे, इसी दौरान वो तालाब के गहरे पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पहले वे ट्यूब की मदद से नहा रहे थे फिर तालाब में तैरने लगे। इसी बीच वे अधिक गहराई में चले गए और पानी से बाहर नहीं निकल सके। समीप ही गांव के लोगों ने मौत का यह नजारा देखा। तालाब में पानी अधिक व गहराई होने के चलते ग्रामीण पानी में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा सके। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब गांव के समीप ही स्थित है। पूर्व सरपंच के डूबने की सूचना प्रशासन तक पहुंची तो प्रशासन हरकत में आया। एसडीइआरएफकी सात सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची। शव को तलाशकर तालाब से निकाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।



## ओव्हर लोड ट्रक पर न्यायालय ने लगाया साढ़े 90 हजार का जुर्माना

### पन्ना मोड़ में वाहन चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने की थी कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** यातायात पुलिस के द्धारा पन्ना मोड़ पर पकड़े गए ओवर लोड ट्रक पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विकास चौहान की न्यायालय ने साढ़े 90 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश व यातायात प्रभारी राहुल पांडेय के मार्गदर्शन में सूबेदार उमेश दुबे, प्रधान आरक्षक सुजात अली, आारक्षक राजकुमार अहिरवार व दीपक सिंह द्वारा पन्ना तिराहे में वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ट्रक क्रमांक आर.जे.03जीए-6999 को ओवर लोडिंग के संदेह में पकड़ कर कांटा कराया गया। कांटा कराने पर ट्रक में 12 टन अधिक माल पाया गया। जिसके बाद यातायात पुलिस ने प्रकरण तैयार कर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विकास चौहान की न्यायालय में प्रस्तुत किया। बताया जाता है कि न्यायालय ने ट्रक पर साढ़े 90 हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया है।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर श्रीलंका प्रीमियर लीग पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते एक युवक को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हास्पिटल लाईन रोड में बन्टी कवाड़ी की दुकान के सामने माधवनगर में दबिश देकर समदड़िया कालोनी निवासी सुरेश बजाज व बाम्बे होटल के पीछे निवासी 35 वर्षीय मुकेश ठारवानी को ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा गया है। सटोरियों के पास से पुलिस ने मोबाइल, 4 हजार रुपए रुपए नगद जप्त किए हैं। आरोपी किसके इशारे पर सट्टा खिला रहे थे, पुलिस इसका पता लगा रही है।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com

शिकागो पब्लिक स्कूल
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को नि:शुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40%
ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | TALLY | COMPUTER | SPOKEN ENGLISH
PGDCA | CPCT | HARDWARE COURSE | Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल अध्ययन केन्द्र क्रं.570
मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम क्रं. 34 वर्ष 2011 के द्वारा स्थापित एवं संचालित राज्य विश्वविद्यालय
बुनियादी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ
मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द
योग्यता / Eligibility — 12th पास/स्नातक/स्नातकोत्तर
समय अवधि / Duration — 1 Year
आयु / Age — बंधन नहीं
छात्र अध्ययन के दौरान चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण Diploma/ PG Diploma in Basic Health Care
प्राथमिक चिकित्सा उपचार Diploma in First Aid Treatment
हॉस्पिटल मैनेजमेंट Diploma in Hospital Management
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा Diploma in Hospital Management
उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना स्वयं का प्राथमिक चिकित्सा उपचार केन्द्र खोल सकते हैं।
नोट :- 1. समस्त प्रक्रिया आवेदन, प्रवेश शुल्क आदि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से होगी।
सिटी अपेक्स कम्प्यूटर राजीवगांधी वार्ड सत्यनारायण मंदिर के सामने, कटनी मो. योगेश पाण्डे 9424961722, कपिल द्विवेदी 9827076651

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे।
फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)